हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 81, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 सितम्बर, 2022 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

नए भारत के विकास में विज्ञान निभाएगा अहम भूमिका : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने 'सेंटर-स्टेट साइंस कान्क्लेव' का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज 21वीं सदी के नए भारत के विकास के लिए विज्ञान सभी क्षेत्रों के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह का यह पहला कान्क्लेव केंद्र-राज्य समन्वय और सहयोग तंत्र को मजबूत करेगा। पीएम ने कहा कि जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा मेल होता है तब संसार की सभी संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने कहा कि समाधान और नवाचार का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि इस अमृत काल में भारत को अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्यों को अन्य राज्यों से

सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना चाहिए, चाहे वो विज्ञान संबंधी हो या कुछ और। यह देश में विज्ञान आधारित विकास कार्यक्रमों का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम होगा। पीएम ने आगे कहा कि पश्चिम में आइन्सटाइन, फेरमी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे वैज्ञानिक अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में भारत के सी वी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नई-नई खोज सामने ला रहे थे। यह सम्मेलन इसलिए खास है क्योंकि इसका उद्देश्य सहकारी संघवाद के उत्साह से केंद्र और राज्य के बीच समन्वय और सहयोग तंत्र मजबूत करना है। यह कान्क्लेव पूरे देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) के एक सशक्त इको-सिस्टम का निर्माण करेगा। इस दो दिवसीय कान्क्लेव का आयोजन अहमदाबाद के साइंस सिटी में किया जा रहा है।

सम्मेलन में इन विषयों पर होगी चर्चा- इस सम्मेलन में एसटीआई विजन 2047 और राज्यों में एसटीआई के लिए भविष्य के विकास के रास्ते और विजन रखा जाएगा।

स्वास्थ्य- सभी के लिए डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल और 2030 तक अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को दोगुना करना।

कृषि- किसानों की आय में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप।

जल- पीने योग्य पेयजल के उत्पादन के लिए नवाचार।

ऊर्जा- हाइड्रोजन मिशन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका सहित सभी के लिए स्वच्छ ऊर्जा।

डीप ओशन मिशन और तटीय राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ देश की भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए इसकी प्रासंगिकता।

गुजरात के मुख्यमंत्री समेत यह लोग हुए शामिल- इस कान्क्लेव में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (एस एंड टी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिव, उद्योग जगत के लोग, उद्यमी, गैर सरकारी संगठन के लोग, युवा वैज्ञानिक और छात्र शामिल हुए।

कोलकाता में छह ठिकानों पर ईडी की टीम ने मारा छापा, अब तक सात करोड़ रुपये बरामद

कोलकाता। शिक्षक घोटाला, पशु तस्करी और कोयला घोटाला मामले में सीबीआई के अलावा ईडी और सीआईडी पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार (10 सितंबर) सुबह ईडी की टीम ने कोलकाता में चार जगह छापेमारी की। माना जा रहा है कि यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कोलकाता के पार्क स्ट्रीट, मैकलियॉड स्ट्रीट, गार्डेनरीच और मोमिनपुर में ईडी की अलग-अलग टीमें सुबह से ही छापेमारी कर रही हैं। भारी मात्रा में केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों के साथ ये टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। उल्लेखनीय है कि बंगाल में पिछले दिनों से शिक्षक घोटाला, पशु तस्करी, कोयला तस्करी के साथ ही चिटफंड मामले में केंद्रीय एजेंसियां लगातार छापेमारी कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने शनिवार सुबह सबसे पहले पार्क स्ट्रीट से सटे मैकलियॉड स्ट्रीट पर दो आवासों की तलाशी ली। इसके बाद ईडी के अधिकारी 36/1 मैकलियॉड स्ट्रीट गए। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम किसी वाहिद रहमान नामक शख्स की तलाश कर रही है। इसके बाद टीम 34/ए मैकलियॉड स्ट्रीट स्थित आवास पर भी गई।

ऐतिहासिक समारोह में ब्रिटेन के नए सम्राट किंग चार्ल्स के नाम का एलान, मां के निधन के बाद ताजपोशी

लंदन। क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद किंग चार्ल्स तृतीय ब्रिटेन के नए सम्राट हैं। शनिवार को Accession Council ने ऐतिहासिक समारोह का आयोजन कर इसका आधिकारिक एलान कर दिया। इसे इतिहास में पहली बार टीवी पर दिखाया गया। इसके साथ ही वहां जमा लोगों ने काउंसिल के क्लर्क द्वारा कही गई बात ' ईश्वर राजा की रक्षा करे को दोहराया। गुरुवार को मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद यह ताज शनिवार को आधिकारिक तौर पर 73 वर्षीय पूर्व प्रिंस आफ वेल्स को दिया गया। साथ ही लंदन में संत जेम्स पैलेस में शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर किंग चार्ल्स के साथ उनकी पत्नी क्वीन कंसर्ट कैमिला और उनके बेटे और उत्तराधिकारी प्रिंस विलियम व नए प्रिंस आफ वाल्स भी मौजूद रहे। किंग शुक्रवार को स्काटलैंड के बाल्मोरल कैसल पहुंचे जहां महारानी ने अंतिम सांसें ली थीं। महारानी के निधन के बाद शोक में पैलेस पर झंडे को झुका दिया गया था और काउंसिल द्वारा नए सम्राट की घोषणा के बाद इसे वापस पूरा लहरा दिया गया। इसके बाद रविवार को इसे वापस आधा झुका दिया जाएगा। शुक्रवार शाम को किंग चार्ल्स ने अपने पहले टेलीवाइज संबोधन में कहा, 'महारानी की तरह ही मैं भी पूरी निष्ठा के साथ जिंदगी के बचे समय को देश के संवैधानिक सिद्धांतों को बचाने और बरकरार रखने में लगाउंगा।' ब्रिटिश किंग की ताजपोशी के बाद चार्ल्स ने कहा, ' प्यारी मां आप अपनी अंतिम यात्रा पर निकल चुकीं हैं और प्यारे दिवंगत पिता से मिलेंगी। मैं आपको धन्यवाद कहना चाहता हूं। आपके प्यार के लिए धन्यवाद।'

उत्तराखंड में बारिश का कहरः मलबे में दबने से दो महिलाओं की मौत, पिथौरागढ़ में भारी तबाही, घर छोड़कर भागे लोग

देहरादून। उत्तराखंड में बारिश कहर बरपा रही है। शनिवार सुबह भारी बारिश और भूस्खलन के कारण मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं नेपाल के दारचूला में बादल फटने से पिथौरागढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में

भारी तबाही मची है। पिथौरागढ़ के विकासखंड धारचूला में एक महिला की मौत हो गई है। जबकि 50 घर जलमग्न हो गए हैं। उधर नेपाल में पांच लोगों की मौत की सूचना है। विकासखंड धारचूला में भारी बारिश के चलते धारचूला क्षेत्र के गलाती, खोतिला और मल्ली बाजार में भारी नुकसान हुआ है। खोतिला में 50 से अधिक मकानों में मलबा घुसने से लोगों ने भागकर जान बचाई। शनिवार सुबह रुद्रप्रयाग में उखीमठ ब्लॉक के तुलंगा गांव में सुरजी देवी गौशाला जा रही थी। तभी अचानक मलबा आ गया, जिससे वह मलबे में दब गई। वहीं रमाधव चिकित्सालय नारायणकोटी के सामने सड़क कटने से आवाजाही ठप हो गई। गुप्तकाशी कालीमठ कोटमा मार्ग विद्यापीठ और भैरवघाटी पर मलबा आने से अवरुद्ध हो गए हैं। जबकि नाला जाखधार मार्ग इंटर कॉलेज गुप्तकाशी के निकट पुस्ता धंसने से बंद हो गया है। उधर पिथौरागढ़ के विकासखंड धारचूला में भारी बारिश के चलते धारचूला क्षेत्र के गलाती, खोतिला और मल्ली बाजार में भारी नुकसान हुआ है। पैदल पुल बह गए हैं। गलाती के प्रधान राम सिंह ने बताया क्षेत्र में बारिश के चलते भारी नुकसान है। खोतिला में 30 अधिक मकानों में मलबा घुस गया। लोगों ने भागकर जान बचाई। धारचूला के मल्ली बाजार में सड़कें मलबे और पानी से भरी हैं। वहीं नेपाल क्षेत्र में कल रात हुई अतिवृष्टि के चलते बारिश के साथ आए मलबे ने काली नदी का रुख बदलने से धारचूला क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। नैनीताल, चमोली और बागेश्वर जिले में अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश होने की संभावना जताई है।। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर्स, यूपी+बिहार=गयी मोदी सरकार

लखनऊ। बिहार में भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस तथा अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने भी बड़े कद में स्वीकार कर लिया है। जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार को समाजवादी पार्टी देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में भी देखने लगी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते दिनों गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी भेंट की थी। उसी दिन के बाद से समाजवादी पार्टी ने उनका कद काफी ऊंचा कर दिया है। उत्तर प्रदेश में राजनाथ सिंह की सरकार के कार्यकाल में दर्जा मंत्री रहे समाजवादी पार्टी के नेता आइपी सिंह ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पोस्टर लगवाए हैं। इनमें नीतीश कुमार के साथ अखिलेश यादव की फोटो लगी है। आजमगढ़ निवासी समाजवादी पार्टी के नेता आइपी सिंह के इन पोस्टर्स में बिहार और उत्तर प्रदेश

को देश का भाग्य विधाता दशार्या गया है। इसमें लिखा गया है कि यूपी+बिहार+ गयी मोदी सरकार। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर्स को देखने के लिए काफी लोग एकत्र भी हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता तो इन पोस्टर्स को 2024 के लिए बड़ी अंगड़ाई भी बता रहे हैं।

बसपा मुखिया मायावती का बड़ा हमला, बोलीं जनाधार खोती जा रही सपा की भाजपा से मिलीभगत

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में पहली बार निकाय चुनाव लड़ने की जोरदार तैयारी में है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के साथ ही अब भारतीय जनता पार्टी भी उसके निशाने पर हैं। इंटरनेट मीडिया पर बेहद सक्रिय हो चुकीं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीन ट्वीट में समाजवादी पार्टी के साथ भारतीय जनता पार्टी पर भी बड़ा हमला बोला है। उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी तो उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार ही खोती जा रही है। मायावती ने कहा कि इस हालत के लिए उसका अपना कृत्य ही मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में अब परिवार, पार्टी व इनके गठबंधन में आपसी झगड़े, खींचतान तथा आपराधिक तत्वों से इनकी खुली सांठगांठ व जेल मिलान आदि की खबरें मीडिया में आमचचाओं में है तो फिर लोगों में निराशा क्यों न हो। लोगों में इससे काफी निराशा है। मायावती इतने पर

ही नहीं रुकी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में मिलीभगत बताया है। उन्होंने कहा कि सपा की भाजपा के साथ अन्दरुनी मिलीभगत किसी से छिपी नहीं है। मायावती ने कहा कि यही खास वजह है कि सपा के मुख्य विपक्षी पार्टी होने पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उत्तर प्रदेश में तो वाकओवर मिला हुआ है। प्रमुख विपक्षी दल के शांत रहने के कारण ही सरकार को अपनी मनमानी करने की छूट है। सपा के इस आचरण से ही आमजनता व खासकर मुस्लिम समाज का जीवन त्रस्त व उनमें काफी बेचैनी है। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अपनी इसी प्रकार की जनविरोधी कमियों को छिपाने के लिए दूसरों के खिलाफ अक्सर अनर्गल व बचकानी बयानबाजी आदि करके व करवाकर लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अब तो लोगों व देश की अन्य विपक्षी पार्टियों को भी समाजवादी पार्टी से बेहद सावधान रहने की जरूरत है।

यीशु असली भगवान हैं, शक्ति जैसे नहीं, राहुल के साथ चर्चा में तमिल पादरी के बयान से बवाल

कन्याकुमारी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर नया विवाद छिड़ गया है। दरअसल राहुल ने यात्रा के दौरान शुक्रवार को कुछ कैथोलिक पादरियों के साथ बैठक की थी। इन पादरियों में विवादित पादरी जॉर्ज पोन्नैया भी मौजूद थे। इस बैठक की वीडियो क्लिप वायरल हो रही है। इसमें राहुल गांधी पादरी से सवाल करते सुनाई दे रहे हैं कि क्या जीसस क्राइट (ईसा मसीह) ईश्वर का एक रूप हैं? क्या यह सही है? जवाब में पोन्नैया कहते हैं, हां वह असली भगवान हैं, शक्ति (हिंदू देवी) जैसे नहीं हैं।

राहुल के सवाल व पादरी के बयान को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। भाजपा ने जहां इसे भारत तोड़ो यात्रा करार दिया है, वहीं कांग्रेस ने कहा है कि यह यात्रा से हताश भाजपा की एक और शरारत है। पोन्नैया ने राहुल को जवाब में यह भी कहा कि भगवान ने उन्हें (यीशू) को एक आदमी के रूप में प्रकट किया। वे असल व्यक्ति हैं, शक्ति की तरह नहीं हैं, इसलिए हम उन्हें एक इंसान के रूप में देखते हैं। तमिल पादरी पोन्नैया का विवादित और भड़काऊ बयान देने का इतिहास रहा है। उन्हें पिछले साल जुलाई में मदुरै के कालीकुडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, द्रमुक सरकार के मंत्री और अन्य के खिलाफ कथित रूप से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राहुल गांधी ने पोन्नैया से मुट्टीडिचन पराई चर्च में मुलाकात की थी। जहां राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुक्रवार सुबह डेरा डाला था। जॉर्ज पोन्नैया के बयान को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। पूनावाला ने कि यह यात्रा भारत तोड़ो यात्राष्बन गई है। उन्होंने कहा कि पोन्नैया ने कहा है कि शक्ति और अन्य हिंदू देवताओं की बजाए सिर्फ यीशु ही भगवान हैं। पादरी ने भारत माता को लेकर भी अनुचित बातें कही हैं।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंची मुलागुमूदु राहुल गांधी के साथ दिखा जन सैलाब

नई दिल्ली। कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा' का आज चौथा दिन है। शनिवार को राहुल गांधी की इस पद यात्रा की शुरूआत तमिलनाडु के कन्याकुमारी के मुलागुमूदु से हुई। इस दौरान कांग्रेस नेता के साथ लोगों का हुजुम दिखाई दिया। यात्रा के दौरान कई कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। पार्टी ने इस यात्रा को व्यापक जनसंपर्क अभियान बताया है। 19 सितंबर को प्रियंका गांधी के भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना है।

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत श्रीपेरंबदूर से की थी। वह यहां पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए थे। यहीं पर तीन दशक पहले एक आत्मघाती हमला करके राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी।

पिता के स्मारक पर आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था जहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने उन्हें राष्ट्र ध्वज सौंपा था। पदयात्रा 11 सितंबर को केरल पहुंचेगी और अगले 18 दिनों तक राज्य से होते हुए 30 सितंबर को कर्नाटक पहुंचेगी, और उसके बाद उत्तर की तरफ अन्य राज्यों में जाएगी। पार्टी ने राहुल समेत 119 नेताओं को "भारत यात्री" नाम दिया है जो कन्याकुमारी से पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। ये लोग कुल 3570 किलोमीटर को दूरी तय करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने दावा किया कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी हुई थी, उसकी कीमत 41,000 रुपये से ज्यादा थी। इस पर कांग्रेस ने पलटवार भी किया। कांग्रेस ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में उमड़े जनसैलाब से भाजपा घबरा गई है। भाजपा ने अपने ट्विटर हैंडल से 'भारत देखो' ट्वीट किया और दो तस्वीरें पोस्ट कीं। एक तस्वीर में राहुल गांधी दिख रहे हैं जबकि दूसरी में उनके द्वारा पहनी गई शर्ट की कीमत दिखाई गई है। इसमें दावा किया गया है कि बरबेरी टी-शर्ट की कीमत 41,257 रुपये है। दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष सुनील यादव ने तंज कसते हुए ट्वीट में लिखा, "कांग्रेस के शहजादे को इस 42 हजार रुपए वाली टी-शर्ट में शायद पैदल चलते समय गर्मी कम लगती होगी या फिर महंगाई इतनी है कि बेचारे से ज्यादा महंगी नहीं खरीदी गई है।"

भाजपा नेता का कांग्रेस पर तंज, कहा- 'भारत नहीं...राहुल गांधी चला रहे नफरत जोड़ो अभियान'

नई दिल्ली। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। आए दिन इस यात्रा को लेकर भाजपा नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। अब भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इसे नफरत जोड़ो अभियान करार दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पर तंज कसते हुए भाजपा नेता ने कहा, आज कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा का पोस्टर ब्वॉय जॉर्ज पोन्नैया को बनाया है। यह वही व्यक्ति है, जो हिंदुओं को धमकाता है और भारत माता के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहता है। शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस पार्टी का हिंदू विरोधी होने का लंबा इतिहास है। राहुल गांधी नफरत जोड़ो अभियान में लगे हुए हैं। जॉर्ज पोन्नैया पादरी हैं और कई विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रह चुक हैं। पिछले साल जुलाई में जॉर्ज पोन्नैया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित टिप्पणी देने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। बता दें, यात्रा के दौरान जॉर्ज पोन्नैया का राहुल गांधी के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वह यीशु को असली भगवान बता रहे हैं। भाजपा नेता संबित पात्रा ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ऐसा पहली बार नहीं है। कई बार ऐसे मौके आए हैं, जब

सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने हिंदू धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। चाहें वह भगवान राम का सबूत मांगना रहा हो या मां शक्ति का मुद्दा। पात्रा ने कहा, राहुल गांधी तमाशा करने चुनाव के समय मंदिरों में जाते हैं। जब चुनाव खत्म हो जाते हैं तो तो राहुल गांधी का तमाशा खत्म हो जाता है और उनका असली चेहरा सबके सामने आ जाता है।

संपादकीय

अमन की राह

आखिरकार भारत और चीन के उच्च सेनाधिकारियों की बातचीत में तनातनी का माहौल समाप्त करने पर सहमति बन गई। अब विवादित गोगरा हाटस्प्रिंग क्षेत्र से दोनों देशों ने अपनी सेनाएं लौटानी शुरू कर दी हैं। वहां बने अस्थायी निर्माण ध्वस्त कर पूर्वस्थिति बहाल की जाएगी। यह निस्संदेह भारत की बड़ी कूटनीतिक और सैन्य सफलता है। पिछले करीब दो साल से लद्दाख क्षेत्र में दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ था। दो साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिक गुत्थमगुत्था हो गए थे, जिसमें भारत के बीस और चीन के चालीस से पैंतालीस जवान शहीद हो गए थे। उसके बाद से लगातार तनाव बढ़ता गया। धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए चीनी सेना ने भारत के कई गश्ती बिंदुओं पर कब्जा कर लिया था। उच्च स्तरीय वाताएं होती रहीं, मगर चीन गोगरा हाटस्प्रिंग से हटने को तैयार नहीं था। उसने उस इलाके में करीब पचास हजार सैनिक तैनात कर रखे थे। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की इस तनातनी पर दुनिया की नजर बनी हुई थी। कुछ अध्ययनों में यह भी जाहिर हुआ था कि एकाध जगहों पर चीन ने स्थायी बसेरे बना लिए थे। इसे लेकर भारत सरकार को लगातार विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना सहनी पड़ रही थी। हालांकि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा का विवाद बहुत पुराना है। अभी तक अंतिम रूप से निशानदेही नहीं हो पाई है कि भारत का कितने भूभाग पर अधिकार रहेगा और चीन की सीमा कहां तक होगी। नियंत्रण रेखा पर ऐसे करीब साठ बिंदु हैं, जहां दोनों देशों की सेनाओं को गश्ती के अधिकार दिए गए हैं। मगर अक्सर चीनी सैनिक अभ्यास के दौरान उन बिंदुओं को पार कर भारतीय क्षेत्र में पहुंच आते रहे हैं। हालांकि भारतीय सेना की तरफ से चेतावनी मिलने के बाद वे वापस लौट जाते रहे हैं। गलवान घाटी की घटना के बाद स्थिति कुछ अधिक तनावपूर्ण बन गई थी। अच्छी बात है कि अब वह तनाव दूर हो गया है और उस इलाके में शांति और स्थिरता आएगी। हालांकि चीन के किसी भी कदम को लेकर बहुत दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है। वह कब अपने वादों से पलट जाए, किसी को अंदाजा नहीं होता। दरअसल, चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों को कभी छोड़ने को तैयार नहीं दिखता। भारत पर दबाव बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहता है। लद्दाख क्षेत्र में चीनी अपनी पैठ इसलिए बनाना चाहता है कि वहां से वह भारत पर भारी दबाव बना सकता है। इसी मकसद से उसने पाकिस्तान को अपने पक्ष में कर रखा है। मगर इस बार करीब दो साल तक चले तनाव के बाद शायद उसे अहसास हो गया होगा कि भारतीय सेना को बहुत आसानी से काबू में नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ सालों में भारत ने उसे टक्कर देने वाले आयुध और अत्याधुनिक सैन्य उपकरण जुटा लिए हैं। अभी विक्रांत के जलावतरण से भी भारतीय सेना की ताकत बढ़ी है। फिर वह भारत पर दबाव बना कर जिन व्यापारिक क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाना चाहता है, उसमें भी उसे बहुत कामयाबी मिलती नजर नहीं आती। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और रूस के साथ भारत के मजबूत होते रिश्ते, क्वाड आदि संगठनों में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका आदि चीन को बड़ी चुनौती हैं। वैसे भी आज देशों की तरक्की सैन्य तनातनी से नहीं, व्यापारिक गतिविधियों से होती है, चीन इस बात को अच्छी तरह समझता है। उम्मीद जगी है कि भारत और चीन के रिश्ते फिर से मधुर होंगे।

हवा रही है चल!

व्यक्तिगत आरोप का ।
चलन रहा है बढ़ ।।
कौन सा समाज हम ।
रहे आज गढ़ ।।
काम की ही बातें ।
ठीक लगती यार ।।
होता है सब देखकर ।
कष्ट अब अपार ।।
बेमतलब की बातों का ।
हवा रही है चल ।।
जाएगा फिर गर्त में ।
आने वाला कल ।।
चले कौन सी राह ?
यही सबका हाल ।।
छोटी छोटी बातों से ।
है मचता बवाल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

हताशा में बढ़ती आत्मघाती प्रवृत्ति

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में एक साल में करीब 7.3 लाख लोग आत्महत्या कर लेते हैं। इसके अलावा करीब बीस लाख लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं। यह स्थिति परेशान करने वाली है। इससे पता चलता है कि आज के दौर में लोग विभिन्न कारणों से किस कदर मानसिक तनाव में जी रहे हैं।

डब्लूएचओ का मानना है कि आत्मघाती प्रवृत्ति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। कोई व्यक्ति जब बहुत बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है, तो वह गहरे अवसाद में चला जाता है। यही अवसाद कई बार आत्महत्या का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में छिहत्तर फीसद आत्महत्याएं निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से हर साल दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2003 में ह्यइंटरनेशनल एसोसिएशन आफ सुसाइड प्रिवेंशनह्ल (आइएएसपी) द्वारा की गई थी, जिसे अब विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा मानसिक स्वास्थ्य फेडरेशन द्वारा सह-प्रायोजित किया जाता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के लिए डब्लूएचओ प्रतिवर्ष एक ह्यथीमह्ल निर्धारित करता है। 2021-2023 के लिए त्रैवार्षिक विषय ह्यक्रिएटिंग होप थ्रू एक्शनह्ल (कार्रवाई के माध्यम से आशा बनाना) निर्धारित है। डब्लूएचओ का मानना है कि कार्रवाई के जरिए आशा पैदा करके हम आत्मघाती विचारों से ग्रस्त लोगों को संकेत दे सकते हैं कि हम उनकी परवाह करते और उनका समर्थन करना चाहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक दुनिया भर में होने वाली आत्महत्याओं को एक तिहाई तक कम किया जाए। मगर इसे अगर भारत के संदर्भ में देखें तो केवल एक साल के भीतर ही आत्महत्या दर करीब दस फीसद बढ़ गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करना फिलहाल एक सपने जैसा लगता है। राष्ट्रीय आत्महत्या के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में सभी आत्महत्याओं में भारत का हिस्सा करीब पच्चीस फीसद है। 18-39 आयु वर्ग की युवतियों में मृत्यु का प्रमुख कारण आत्महत्या है। पिछले दिनों राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी रिपोर्ट में 2021 में भारत में आत्महत्या की दर में 7.14 फीसद की वृद्धि देखी गई है। भारत में पिछले पांच-छह वर्षों में आत्महत्या की दर बढ़ने के कारणों को लेकर कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि लोग ज्यादा से ज्यादा आत्मकेंद्रित होते जा रहे हैं। उनके प्रत्यक्ष मित्र कम और सोशल मीडिया पर मित्र अधिक हैं। ऐसे लोग अपने परिवार के सदस्यों से कट रहे हैं और अपने फोन या सोशल मीडिया घेरे तक ज्यादा सीमित हो गए हैं। एनसीआरबी द्वारा जारी पिछले पांच वर्षों के आत्महत्या के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्पष्ट है कि आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। एनसीआरबी के मुताबिक देश में 2017 में आत्महत्या के एक लाख 29 हजार 887 मामले दर्ज हुए थे, जिसकी दर प्रति लाख आबादी पर 9.9 थी। 2018 में यह दर बढ़ कर 10.2 पर पहुंच गई। 2019 में कुल एक लाख 39 हजार 123 लोगों ने और 2020 में एक लाख 53 हजार 52 लोगों ने आत्महत्या की। 2021 में एनसीआरबी के मुताबिक कुल एक लाख 64 हजार 33 लोगों ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। 2017 से 2021 तक इन मामलों में 26 फीसद से भी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। 2021 में आत्महत्या करने वाले लोगों में एक बड़ा वर्ग उन लोगों का था, जिनका स्वयं का रोजगार था। इसी प्रकार पेशेवर या वेतनभोगी श्रेणी के लोगों की संख्या 15 हजार 870, बेरोजगारों की संख्या 13 हजार 714 और छात्रों की संख्या 13 हजार 89 रही। वर्ष 2021 में आत्महत्या करने वालों में 23 हजार 179 गृहणियां भी शामिल थीं। देश में 25.6 फीसद दिहाड़ी मजदूरों, 14.1 फीसद गृहिणियों, 12.3 फीसद स्वनियोजित लोगों, 9.7 फीसद पेशेवर या वेतनभोगियों, 8.4 फीसद बेरोजगारों, 8 फीसद विद्यार्थियों, 6.6 फीसद कृषि कार्य से जुड़े लोगों, 0.9 फीसद सेवानिवृत्त लोगों और 14.4 अन्य ने आत्महत्या की।

झारखण्डेय राय पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद जिसकी अर्थी भी चंदे से उठी

भारतीय राजनीति एवं आजादी तथा राष्ट्रप्रेम में त्याग एवं बलिदान करने वालों की कहानी, उनकी दास्तां अब लोग भूलते जा रहे हैं। मऊ के अमिला ग्रामसभा में राधे राय जी के घर 10 सितम्बर 1914 को झारखण्डेय राय ने जन्म लिया। वह जब मात्र पांच वर्ष के थे तो उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को घटित जलियांवाला बाग सामुहिक नरसंहार के बाद रक्त से रंजित मिट्टी जिसे स्वतंत्रता सेनानी अलगू राय शास्त्री लाये थे का अपने गॉव में ही दर्शन करके अपने माथे पर तिलक लगाकर ब्रिटिश साम्राज्यवाद को खत्म करने का संकल्प लिया तो गॉव के लोगों ने उस वाकये को बचपना माना।

"उन्हें मित्रों, परिचितों को चिट्ठियां लिखने का बहुत शौक था। उनकी चिट्ठियों में खास बात यह होती थी कि वह जिस स्थान से चिट्ठी लिखते, उस स्थान-विशेष के नाम का उल्लेख जरूर करते। ईमानदार इतना कि दिल्ली में जब निधन हुआ तो उनके शव को गांव लाने भर के पैसे नहीं थे, और बेटे अशोक को लोगो से चंदा मांग कर उन्हें पैतृक गॉव अमिला लाना पड़ा। शुभचिंतकों और मित्रों ने जब उनके बैंक खातों को खंगाला तो उसमें फूटी कौड़ी तक नहीं थी। यही नहीं जमींदार परिवार में पैदा होने के बावजूद 'जमीदारी प्रथा' के उन्मूलन के लिए आंदोलन किया। इस नेता का घर आज भी खंडहर से ज्यादा कुछ भी नहीं है जबकि लगातार 4 बार घोसी से विधायक एवं 3 बार सांसद रहे।

सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम 'झारखंडेय राय' कहना गलत नहीं होगा।

उनका पूरा जीवन ही सादगी भरा था। यहां तक कि अपना कुर्ता-धोती भी वह खुद ही धोते थे, सूखने पर उसे तह कर-के तकिया के नीचे रख देते थे और एक



दिन बाद उसे पहनते थे। उन्होंने लगभग एक दर्जन किताबें लिखी थीं। मन्त्री रहने के दौरान उन्होंने गन्ना किसानों को लाभ दिलाने के लिए पूर्वांचल में चीनी मिलों की स्थापना का प्रयास किया। झारखंडेय राय ने अपने द्वारा लिखी हुई पुस्तक "भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन का एक विश्लेषण" में इस जालियावाला बाग सामूहिक नरसंहार की मिट्टी से स्वयं के प्रभावित होने का तथ्य स्वीकार किया है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा देकर घर वापस आने के दौरान वाराणसी में गिरफ्तार कर लिए गये। उन्होंने 19 अप्रैल 1938 को पिपरीडीह में ट्रेन से जा रहे सरकारी खजाने को लूट लिया। 18 अक्टूबर 1939 को वह किसान सभा कार्यालय पुलिस ने प्रतिबंधित साहित्य रखने के आरोप में पकड़ लिया। इन मामलों के अतिरिक्त 'गाजीपुर हथियार केस', और 'लखनऊ षणयंत्र केस' में अंग्रेजी सरकार द्वारा उन्हें 29 वर्ष की सजा सुनाई गई। जेल में उन्होंने 21 अक्टूबर 1941 से 32 दिनों तक भूख हड़ताल की। यहीं नहीं आजादी के लड़ाई का यह नायक आजादी के बाद, आजाद भारत में भी गरीबों और मजलूमों की आवाज उठाने के लिए 18 बार जेल गया।

लोगों की मदद करने में वे कोई संकोच नहीं करते थे, उन्होंने कभी भी उसूलों से समझौता नहीं किया। यही कारण है की चौधरी चरण सरकार में भूमिहीनों को भूमि वितरण में उनके विचारों से विभिन्नता होने पर सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 18 मार्च 1987 को यह जननेता भारत माता की गोद में हमेशा हमेशा के लिए चिरनिद्रा में सो गया।

दिव्येन्दु राय
स्वतन्त्र टिप्पणीकार

घुमक्कड़ी का घनत्व

मानव प्राणी सभ्यता के जन्म काल से ही किसी न किसी रूप में घूमने की अभिरुचि से जुड़ा हुआ है। प्राचीन काल से ही इसके स्वरूप और प्रकृति का विश्लेषण और विवेचन दुनिया में भिन्न-भिन्न आयामों में किया गया है। घूमने के अर्थ सह अभिप्राय को पर्यटन, देशाटन और यात्रा के सहचरी भाव से भी युक्त किया गया है।

कभी फाान, ह्वेनसांग, मेगास्थनीज, वास्कोडिगामा जैसे जुझारू लोगों ने अपनी घुमक्कड़ी अभियान में जहां अध्ययन अभिप्राय को प्राथमिकता दी थी, वहीं कुछ ने अपनी सोच में खोज को तरजीह देकर संसार में अपना नाम स्थापित किया था। परिवहन के सीमित संसाधनों के कारण पहले लोग नाव, घुड़सवारी और पैदल यात्रा के माध्यम से घूमने निकलते थे। इसके सहारे उन्हें दीर्घकाल तक यात्राओं के क्रम से जुड़े रहना पड़ता था। अनवरत पैदल यात्रा से उन्हें शारीरिक थकावट महसूस होती थी, लेकिन अपने संकल्प शक्ति से वे कभी निराश नहीं होते थे और आखिर अपनी मंजिल पाकर ही वे दम लेते थे। ऐसे यात्री अपनी यात्रा के बाद यात्रा वृत्तांत से देश-दुनिया को परिचित कराकर कुछ ऐसी दुर्लभ सूचनाओं का चित्रण करते थे जो जिज्ञासुओं के लिए रोचक और ज्ञानवर्द्धन का प्रसंग हुआ करता था। भारतीय जीवन परिवेश में देखें तो पहले घूमने का तात्पर्य वृद्धावस्था में तीर्थाटन के स्वरूप से जुड़ाव रखे हुए था। जीवन की सांध्य बेला शुरू होते ही लोग अपनी इच्छानुसार पांच-दस के समूह में तीर्थ दर्शन का कार्यक्रम बनाकर निकल पड़ते थे। 1960 के दशक में बूढ़े-पुरनिया कहा करते थे- सब तीर्थ बार-बार, गंगा सागर एक बार। जब दादी इस तीर्थ के लिए घर से अपने समूह में निकल रहीं थीं, तब घर के हर सदस्य के चेहरे पर एक उदासी के भाव टपक रहे थे। वह दृश्य मनोवैज्ञानिक रूप से अंतर्मन को चिंतित कर रहा था कि कहीं दादी की गंगा सागर की दुरूह यात्रा उनके

जीवन की अंतिम यात्रा तो नहीं होगी। पंद्रह दिनों के बाद दादी की वापसी से घर में उत्सवी माहौल बन गया था। वर्तमान समय में घुमक्कड़ी को बाजारवाद ने जबसे अपने आगोश में लिया है, तब से इसके आकार में अप्रत्याशित विस्तार भी हुआ है। असंख्य निजी पर्यटन संस्थाओं ने देश दुनिया में पर्यटन पैकेज का वृहद जाल बिछा दिया है। ऐसी संस्थाओं के आपसी प्रतियोगिता के कारण घूमने वालों की राह आसान हुई है। आंकड़ों के आईने बता रहे हैं कि दुनिया के कई देशों का आर्थिक आधार और स्रोत पर्यटन से प्राप्त राजस्व है। रिसस, थाईलैंड, भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया जैसे प्रमुख देश इस श्रेणी में अंकित किए गए हैं। यों पूरी दुनिया में पर्यटन राजस्व के रूप में पर्यटकों से लाखों हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष विभिन्न देशों को प्राप्त हो रहे हैं। कई देशों के भ्रमण अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि अब वरिष्ठ नागरिक, जिसमें अधिकतर अकेलेपन के जीवन जीने को विवश हैं, वे ज्यादा घूमकर अपनी जीवंतता बनाए रखना चाहते हैं। इस क्षेत्र में तो अब हनीमून पैकेज से लेकर चारों धाम की यात्रा के कई कार्यक्रम मौसम के अनुसार घोषित हैं। एकल यात्रा के प्रचलन में भी काफी वृद्धि हुई है, जिसमें युवा पीढ़ी ज्यादा प्रवृत्त हो रही हैं। देश की घुमक्कड़ी अभियान में हमारे प्रख्यात साहित्यकार दिवंगत राहुल सांस्कृत्यान का नाम सबसे ऊपर की पंक्ति में अंकित है। तिब्बत के दुर्गम क्षेत्रों की कठोर यात्रा से उन्होंने बौद्ध साहित्य के संग्रहण की जो मिशाल पेश की थी, वह प्रेरक और स्तुत्य रही है।

घुमक्कड़ी क्रिया से इतना तो प्रमाणित है कि थोड़े दिन के लिए ही सही, यह हमें एक ही प्रकार की दैनंदिनी की चारदिवारी से निकालकर तरोताजा करती है, जबकि जब हम घूमते हैं, नए स्थलों को देखते हैं और उसके अतीत में नजर दौड़ाते हैं तो हमें नूतन और मनभावन जानकारियां भी मिल जाती हैं। इससे हमारी बौद्धिक खुराक और तीव्र होकर आगे की घुमक्कड़ी के लिए जमीन भी तैयार करती है। आवश्यकता है कि हम अपनी बजट सीमा और समय को देखते हुए साल में एकबार जरूर घूमने का कार्यक्रम बनाएं। अक्सर यह भी देखा गया है कि समाज में वैसे लोग भी बहुत हैं जिनके पास घूमने का समय और संसाधन तो है, लेकिन इच्छाशक्ति के अभाव में वे इस उमंगित और उल्लसित करने वाले घुमक्कड़ी विधा से वंचित हो जाते हैं। निजी और एकल जीवन की सिमटती परिधि से व्यक्ति को आज निकलकर बाहरी दुनिया देखने में व्याप्त संकोच और दुविधा को दूर भगाने की जरूरत है। विविध कारणों से अगर हम शुद्ध घुमक्कड़ नहीं बन सकते तो इतना करना सहज ही है कि बिना ज्यादा सोचे-विचारे हम अपने वैसे रिश्तेदारों के घर दो-चार दिनों के लिए अवश्य जाएं। शायद यह न्यूनतम प्रयोग भविष्य की घुमक्कड़ी की नींव तैयार कर सकेगा। पर्यटन के पन्नों ने इतना तो प्रमाणित कर ही दिया है कि घूमने वाले ज्यादा तरल, सरल होकर सदैव ऊर्जा से लैस रहा करते हैं। किसी ने सही ही कहा है- सैर कर दुनिया की गाफिल जिंदगानी फिर कहां।

समारोह पूर्वक मनाया गया शहीद वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस, दिग्गजों का रहा जमावड़ा

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। परम वीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर आए मुख्य अतिथि मेजर जनरल सबेरीया एरिया जय एस बैंसला ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर अब्दुल हमीद की धरती पर आकर मैं धन्य हो गया । सन् 1965 भारत पाकिस्तान के युद्ध में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर युद्ध का पासा पलट देने वाले जांबाज योद्धा शहीद अब्दुल हमीद साहब के पैतृक गांव स्थित स्मारक स्थल पर आकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।हमीद साहब एक ऐसे भारतीय जांबाज थे जिनकी वीरगाथा आज के जवानों के लिए प्रेरणा स्रोत है। ऐसे वीर योद्धा को याद करना हमारी मजबूरी नहीं अपितु गौरव की बात है।सैनिक यूनिटों में हर वीरों की गाथा बताई जाती है। उन्होंने कहा कि जिस आर सी एल गन से अजेय पैटर्न टैंक को हमीद साहब ने ध्वस्त किया गया उसको चलाने के लिए 4 लोग लगते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका उसका होता है जो दुश्मनों को निशाने पर लेकर? ट्रिगर को दबाए यह काम वीर अब्दुल हमीद ने बखूबी निभाया। जिसका परिणाम उत्साहजनक निकला। रात में चीमा गांव में

पाकिस्तान की पूरी सेना धराशाई हो गई।अब्दुल हमीद साहब के इस अभूतपूर्ण योगदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा।गाजीपुर के युवकों में जोश है जज्बा हैऔर सेना मे जाने की तन्मयता देश भक्ति का प्रतीक है। मेरी तरफ से कोशिश कर-के स्पेशल भर्ती कराई जाएगी।और यकीनन यहां के युवाओं को सेना में भर्ती होने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी में 16 नवंबर से सेना की भर्ती चालू है। रजिस्ट्रेशन हो रहा है।एक दिन युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका मिलेगा।उन्होंने शहीद वीर अब्दुल हमीद के परिजनों से मिलकर काफी खुशी जाहिर की। क्षेत्रीय विधायक बेदी राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर जनपद शहीदों के नाम से जाना जाता है उसमे शहीद वीर अब्दुल हमीद का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी किसी परिचय का मोहताज नहीं। उन्होंने मच से ही घोषणा किया कि शहीद पार्क में सुंदरीकरण और सोलर लाइट का कार्य कराया जाएगा। सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि इस धरती के वीरता का इतिहास बहुत बड़ा है जो भी लड़ाई हुई है हर लड़ाई में गाजीपुर के लालों का नाम जरूर आता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण करने पर लोग सवाल करते हैं कि अग्निवीर की 4 साल की भर्ती की जा रही है ।क्या आपने कभी संसद में उठाया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर भले ही 4 साल की है लेकिन 4 साल में ही युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा ।गाजीपुर की चेयरमैन सपना सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर अब्दुल हमीद के पैतृक गांव आकर हमें फक्र होता है कि हमारे जिले का नाम वीर अब्दुल हमीद के नाम से एक पहचान रखता है।

बंदर के डर से छत से गिरी विवाहिता हुई मौत

प्रखर मिजार्पुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में निवासी राजीव गुप्ता की पुत्री ज्योति गुप्ता विगत दिनों अपने मायके आई हुई थी।जिसका विवाह 3 वर्ष पूर्व वाराणसी के शिवपुर में हुआ था। आज प्रातः ज्योति दूसरे मंजिल पर बने बाथरूम में नित्य क्रिया के लिए गई हुई थी तभी बंदरों का झुंड छत पर आपस में लड़ने लगा बंदरों की लड़ाई देख जल्दबाजी में छत से उतरते समय ज्योति का पैर फिसल जाने से नीचे गिर गई आनन-फानन में परिजनों ने निजी चिकित्सक के था ले गए जहां उसकी हालत गंभीर देख वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

सपा नेता त्रिभुवन यादव के पिता का निधन

प्रखर खेतासराय जौनपुर। नगर पंचायत खेतासराय निवासी समाजवादी पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता त्रिभुवन यादव के पिता हरिप्रसाद उर्फ बाबू यादव का शुक्रवार को निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक जगदीश सोनकर, पार्टी के पूर्व प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी , पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रदेव यादव , पूर्व ब्लाक प्रमुख मोहम्मद अनस खान समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने श्री यादव को फोन करके शोक संवेदना जताई है। 80 वर्षीय बाबू यादव का शव शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद नहर में संदिग्ध हालत में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार की शाम खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा घाट पर किया गया।

चंदौली के दो समाजसेवी का हुआ राष्ट्रीय गौरव सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के बैनर तले मिथलेश कुमार पांडेय एवं मनीष पांडेय को राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2022 पाँच सितारा होटल गोल्डन तुलिप हरिद्वार में आयोजित किया गया अंतर्राष्ट्रीय हिन्दु महासभा के सम्मान समारोह में निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री ललितानंद महाराज जी,अंतर्राष्ट्रीय हिन्दुमहासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मोहित नवानि जी एवं साथ मे एन एस पुंडीर महाधिवक्ता हाइकोर्ट नैनीताल के हाथों से सम्मानित हुए। मिथलेश जी ने कहा कि सम्मान पाकर मैं बहुत अभिभूत हु और बहुत बहुत आभार प्रगट करता हु।मनीष जी ने कहा कि संगठन के लिए मैं हमेशा खड़ा हूँ और जिस तरह से संगठन मुझपे विश्वास रखा है मैं भविष्य में समाज मे और बदलाव के लिए कार्य करेंगे।मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्य महिला आयोग (राज्य मंत्री) कुसुम खंडवाल ने आप दोनों पांडेय भइयो की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।सम्मान समारोह में देश विदेश से 250 समाज सेवी आये हुए थे जिनमें मुख्य रूप से खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक, फिल्मी हस्तियों मौजूद रहे।

काशी के रंग व्यासी के संग 500 दृश्य कलाकारों के साथ प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। IAW (इन आर्ट वर्ल्ड) द्वारा व्यासी, वाराणसी विकास ड्राइंग एंपोरियम वाराणसी, सुनीता आर्ट गैलरी के सहयोग से 10 सितंबर शनिवार को राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुआ इस भव्य कार्यशाला में देश भर के विभिन्न प्रांतो से 500 से ज्यादा दृश्य कलाकार शामिल रहे ' कलाकारों ने वाटर कलर, एक्रेलिक, सॉफ्ट पेस्टल, रंगोली कलर इत्यादि माध्यमों से किसी ने लैंडस्केप, व्यक्ति चित्र, नेचर पेंटिंग बनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदम श्री डॉ. राजेश्वर आचार्य जी का आशीर्वाद सभी दृश्य कलाकारों को प्राप्त हुआ, उन्होंने सभ्यता एवं संस्कृति को कला के विभिन्न आयामों को जोड़ते हुए अपनी बात रखी` IAW (इन आर्ट वर्ल्ड) के संस्थापक सदस्य प्रवीण करमाकर जो खुद रांची झारखंड से चलकर कर कार्यशाला में शामिल हुए एवं वाटर कलर द्वारा लैंडस्केप बनाकर सबका मन मोहा, उन्होंने आयोजक संस्था के

बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी कार्यक्रम के बारे में घोषणा की कि आने वाले कुछ महीनों बाद वाराणसी में बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कलात्मक आयोजन होने वाला है ' कार्यक्रम के संयोजक अनिल शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह काशी की धरती पर संयुक्त कलात्मक विकास साबित होगा ' दिनांक 11 सितंबर 2022 को इस कार्यशाला में तैयार चित्रों में चैन करते भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन आ जाना है ' कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर शारदा सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक IAW के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ऐसा प्लेटफॉर्म है जो सभी कलाकारों को देश-विदेश अलग पहचान दिलाने में एवं इदरीश कला के अलग-अलग विधाओं से परस्पर जोड़कर अपनी एक नई पहचान बना रही है उप संयोजक कौशलेश कुमार बताया कि कार्यशाला में अलग-अलग विधाओं में 11 डेमोंसट्रेशन संपन्न हुआ जिसमें डॉ. कनुप्रिया - मिनिएचर पेंटिंग, अनिल शर्मा एवं कौशलेश कुमार अमूर्त कला, डॉ. सुनील विश्वकर्मा - व्यक्ति चित्र, प्रवीण करमाकर एवं विकास कुशवाहा-जल रंग, राजेश कुमार-मूर्ति व्यक्ति चित्र, डॉ. शारदा सिंह- फ्लोरल पेंटिंग , वेद प्रकाश-प्रींटमेकिंग, मानसी शर्मा - लोक कला एवं आकांक्षा विश्वकर्मा-रंगोली शामिल रहे।

क्रेन की टक्कर से वृद्ध की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सुहवल थाना क्षेत्र के गरुआ मकसूदपुर गांव में क्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह दयाशंकर यादव 70 वर्ष निवासी गरुआ मकसूदपुर सुबह गांव की चट्टी से चाय पीकर घर लौट रहे थे तभी अनियंत्रित क्रेन ने टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। एसओ तारावती यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्रेन के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिंचाई विभाग के एसडीओ ने जरगो बांध के नहर का किया दौरा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। जरगो बांध से निकली समस्त नहरों का दौरा सिंचाई विभाग के एसडीओ के.के. सिंह द्वारा दौरा किया गया। दौरे के समय जरगो बांध के जेई त्रिपुरारी श्रीवास्तव एवं अहरौरा बांध के जेई भी साथ में मौजूद रहे। एसडीओ के.के. सिंह द्वारा नहरों का दौरा किया गया क्षेत्र के दौरा के दौरान संबंधित सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पानी टेल तक पहुंचे ताकि की किसानों का सिंचाई हो सकें और जरगो नहर को अच्छी तरह से चलाया जाएं। पानी कहीं फालतू नहीं जाना चाहिए। जहां भी नहर टूटा फूटा हो उसको तत्काल ठीक कराया जाय। साथ ही नहर के पटरी पर दुकान लगाने वालों को भी सख्त हिदायत दी गई कि नहर के दोनों तरफ पटरियों से अतिक्रमण को तत्काल हटा लें नहीं तो कार्रवाई कि जाएगी। बता दें कि बरसात न होने के कारण जरगो जलाशय में सिंचाई के लिए पानी बहुत कम है इसीलिए किसान एक एक बूंद पानी का बचत करते हुए अपनी फसलों की सिंचाई करना चाहते हैं। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा केवल कागजों पर ही नहर की सफाई कराएं जाने के कारण गौरही गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर

शनिवार को अपने गांव के सामने जाने वाले नहर की सफाई किया ताकि उनको पूरा पूरा पानी मिल सके। इसी तरह भागवत राजवाहा की घरवासपुर माइनर में शिकारपुर गांव के सामने किसानों द्वारा नहर को बार-बार काटे जाने से आक्रोशित अन्य गांवों के किसानों ने भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

महिला ने लगाया पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर खानपुर गाजीपुर। थानाक्षेत्र के एक गाँव निवासिनी विवाहिता ने क्षेत्र के लौलहा गाँव निवासी मनोज यादव पुत्र बृजराज यादव,सास, ससुर ननद,पर आरोप लगाया और बताया की शादी के बाद से कम दहेज देने और किफायती सामान अपने साथ न लेकर आने को लेकर ससुर बृजराज यादव, पति मनोज यादव,सास पूनम यादव, ननद रागनी यादव द्वारा प्रतिदिन दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था।जिससे परेशान होकर महिला ने पुलिस अधीक्षक गाजीपुर से न्याय की गुहार लगाई।जिसपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिये गये है।पीड़िता ने बताया की उसकी शादी चार वर्ष पूर्व अपने सामर्थ के हिसाब से 5 मई 2018 मे खानपुर थानाक्षेत्र के लौलहा गाँव निवासी मनोज यादव पुत्र बृजराज यादव से हुई थीं।शादी के कुछ साल बाद महिला को एक पुत्री हुई जिसको लेकर ससुराल पक्ष से पति मनोज,सास पूनम व ननद रागिनी के द्वारा उलाहना दिया जाने लगा और मायके पक्ष से पुनः दहेज की मांग की जाने लगे।जिसको लेकर पीड़िता को प्रतिदिन प्रताड़ित और मारना पीटना शुरू कर दिया गया। वही महिला इन सब से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर से न्याय की गुहार लगाने लगें।जिसपर आदेश करते हुये पुलिस अधीक्षक ने खानपुर थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कों आदेशित किया था।थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया की मामला सज्ञान मे है, मामले में पीड़ित महिला की शिकायत पर ससुर बृजराज यादव, पति मनोज यादव, ननद रागिनी, सास पूनम यादव, हवलदार यादव, पंचम चौहान, अमरनाथ गोसाई के खिलाफ सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही हैं।

विधायक ने पीड़िता को दिया दो लाख रुपए का सहयोग राशि

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी में बीते 14 को हुए हत्या कांड में महिला ग्राम प्रधान पनिका पूजा पाण्डेय के देवर धीरज उर्फ गुड्डू को गोली मारकर कर हत्या कर दी गई थी । सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने शनिवार को तहसील प्रशासन की मौजूदगी में धीरज उर्फ गुड्डू की पत्नी अंजनी देवी को दो लाख रुपए का चेक देकर सहयोग प्रदान किया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला के अलावा-सहजनवा तहसीलदार केशव प्रसाद, नायाब तहसीलदार-अमित कुमार सिंह,रत्नेश पाण्डेय, नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता-अनिल त्रिपाठी, विनोद कुमार पांडेय, रंगनाथ पाण्डेय, पंकज मिश्रा, शिवचरन समेत कई लोग मौजूद थे।

सीओ कैंपियरगंज ने ग्राम प्रधान व चौकीदारों के साथ की बैठक

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज थाना परिसर में सीओ योगेंद्र सिंह ने समस्त ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम सभाओं में सीसी कैमरा लगवाने हेतु सभी को प्रेरित किया और वही चौकीदारों के साथ भी बैठक कर गांव की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, विनोद सिंह फौजी, संजय निगम, संतोष कुमार, ईश्वर चंद यादव, श्रेय कुमार, विनीत सिंह व थाना अध्यक्ष सूरज सिंह, यस आई शमशेर अहमद, अभिनव मिश्रा, एस आई राम अवध,रक्कमलेश यादव, पशुपति सिंह व आदि लोग उपस्थित रहे।

ड्राइवर-कंडक्टर वर्दी में ड्यूटी पर नहीं आए तो लगेगा जुर्माना

प्रखर गोरखपुर। अब रोडवेज बसों के ड्राइवर-कंडक्टर को वर्दी पहनकर ही ड्यूटी पर आना होगा, इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी पर वर्दी ना पहन कर आने वाले बस ड्राइवर-कंडक्टर पर जुमार्ना लगाया जाएगा। यह जुमार्ना 100 रुपये तक किया जाएगा। परिवहन विभाग के मुताबिक, रोडवेज बसों के ड्राइवर-कंडक्टर को अब वर्दी न पहनना महंगा पड़ सकता है। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अब रोडवेज बस ड्राइवर के लिए खाकी और कंडक्टर के लिए ग्रे रंग की वर्दी पहनकर आने के निर्देश दिए गए थे, इसके लिए विभाग ने 18 सौ रुपये प्रति कंडक्टर और ड्राइवर के खातों में भेज दिया गया था। रोडवेज बस चालक और परिचालकों को 10 सितंबर तक आदेश दिया गया था कि वह अपना वर्दी पहन कर ड्यूटी पर आए, जिसमें रोडवेज बस चालक और परिचालक वर्दी में अधिक संख्या में देखने को मिले। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोरखपुर महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया अब ड्यूटी के समय रोडवेज बस चालक और परिचालकों को वर्दी पहनकर ही ड्यूटी पर रहना होगा,इस दौरान चेकिंग के समय ड्राइवर-कंडक्टर बिना वर्दी के पकड़े गए तो जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही प्रथम बार बिना वर्दी पकड़े जाने पर 100 रुपये का जुमार्ना लिया जाएगा। सभी बस ड्राइवर-कंडक्टर के बैंक खातों में वर्दी के लिए पैसे भेज दिए गए है। ड्राइवर-कंडक्टर ड्यूटी टाइम में वर्दी में ही रहेंगे। बिना वर्दी के बसों में पकड़े जाने पर जुमार्ना वसूला जाएगा।

चौपाल सागर में रेस्टोरेंट हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि तृषा सिंह

प्रखर चन्दौली। पीडीडीयू नगर नेशनल हाइवे आई.टी.सी. चौपाल सागर में आहार विहार फैमिली रेस्टोरेंट किया गया भव्य उद्घाटन। जिसका विधिवत उद्घाटन संचालक कि भतीजी तृषा सिंह ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं रेस्टोरेंट के संचालक प्रदीप सिंह ने बताया कि ग्राहकों के लिए नास्ते में कोल्डड्रिंक, ब्रेकफास्ट, पकौड़े, शुप, कटलेट, मोमोज, इटली वेज आइटम में पनीर चिल्ली, मटर पनीर दो प्याजा तंदूरी व सभी नार्मल खाने की व्यवस्था रहेगी। और नानवेज आइटम में चिकन चिल्ली मटन कोरमा बिरयानी के अलावा आइसक्रीम मिठाई के साथ ही अन्य स्वादिस्ट मिस्ठान उपलब्ध रहेंगे। वही संचालनकर्ता अमित चौबे ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में उचित दरों पे शुद्ध व हर प्रकार के भारतीय भोजन राहगीरों को उपलब्ध कराई जाएगी। और लम्बी दूरी वाले राहगीरों के लिए यह रेस्टोरेंट बहुत ही पसंद आएगी। इस मौके पर चौपाल सागर मैनेजर सुनील सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह,अंकित सिंह अमित, यशवंत सिंह, सौरभ मौर्य, अंदल, राहुल, सुमित, पूजा, रवि विश्वकर्मा, शैलेंद्र तिवारी, रविंद्र पांडे, दिनेश मौजूद रहे।

मादक पदार्थों पर पूर्ण रूप से लगाएं एसपी प्रतिबंध- एडीजी जोन

प्रखर गोरखपुर। अपर पुलिस महानिदेशक जोन अखिल कुमार ने आज जोन के समस्त जनपदों के पुलिस प्रभारी तथा परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ मादक पदार्थों / नशीली दवाओं की तस्करी, बिक्री एवं उपयोग पर रोकथाम के संबंध में गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन मीटिंग की गई जिसमें समस्त जनपदीय प्रभारियों से उनके द्वारा इस संबंध में की गई अब तक की कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही उनके द्वारा इसकी रोकथाम हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है इसके संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली गई। गोष्ठी में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों की सप्लाई चेन को समझते हुए मुख्य सप्लायर और क्रेता कौन हैं इसके संबंध में विशेष रूप से जानकारी की जाए। नशीली दवाओं / मादक पदार्थों के साथ पकड़े गए व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ कर उनके स्त्रोत तक पहुंचने का प्रयास किया जाए` पड़ोसी देश नेपाल के बॉर्डर इलाकों से मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में भी गहराई से कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही इस कार्य में लिप्त चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के साथ कार्यवाही करते हुए संपत्ति जब्तीकरण एवं ध्वस्तीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसमें और तेजी लाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

विभाग की लापरवाही से करंट की चपेट में आने से पशु की मौत

प्रखर खानपुर गाजीपुर। थानाक्षेत्र के गौर गाँव निवासी रामानंद यादव पुत्र श्यामलाल यादव की भैस करंट की चपेट में आने से मौत हों गयीं।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गौर गाँव निवासी रामानंद यादव पुत्र श्यामलाल यादव अपनी भैस लेकर घर के बगल खेत में चरा रहें थे।की उनकी पशु खेत में चरते हुये सड़क किनारे लगें बिजली के पोल के पास पहुँच गयीं।और वही बिजली के पोल में लगी अर्थिंग की चपेट में आने से उसकी मौत हों गयीं।आनन-फानन में जबतक रामानंद मौके पर पहुंचे तब तक उनकी पशु की मौत हों चुकी थीं। वही स्थानीय लोगो की सुचना पर बिजली विभाग कों जानकारी देकर बिजली बंद करवाई गयीं और इसकी शिकायत सौना फिटर के जेई रामनारायण यादव से की गयीं हैं।

अधूरे कर्त्तव्य से पथ विहीन सामुदायिक शौचालय बना शो-पीस, हमेशा रहता है ताला बंद

प्रखर मिजार्पुर। जमालपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत-मनऊर में गरीब कल्याण रोजगार अभियान योजना अंतर्गत मनरेगा अंश के धनराशि से निर्मित सामुदायिक शौचालय पंचायत विभाग की लापरवाही से सिर्फ शो-पीस बन कर रह गया है।इस शौचालय में हमेशा ताला ही बंद रहता है,पहुंचने के लिए कोई उचित पथ भी नहीं है,बिजली का कोई कनेक्शन नहीं है,पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है।जिन लोगों के घरों में शौचालय नहीं है वे लोग सामुदायिक शौचालय होने के बावजूद भी खुलें में शौच करने के लिए मजबूर है।आधे अधूरे निर्मित शौचालय की साफ-सफाई व देख-रेख के लिए शायद कोई स्वयं सहायता समूह भी नियुक्त कर दिया गया हैं, जिसका वेतन भी आ रहा है, भुगतान हुआ कि नहीं हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं है। बगल में ही आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी है, वह भी अभी अर्धनिर्मित ही है। जिसके

चलते खुलें आसमान के नीचे ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री,सहायिका आदि बैठकर अपना कार्यालय चला रही है। आजादी के अमृत महोत्सव काल में पंचायत विभाग के अधूरे कर्त्तव्यों से पथ विहीन अधूरा सामुदायिक शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ शो-पीस बन कर रह गया है। २०२०-२१ के कार्ययोजना में ही निर्मित होने वाले इन दोनों भवनों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायती विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा इसके निर्माण में घोर लापरवाही बरती गई है। जिसके लिए अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित सुरेंद्र सिंह, रमेश, किशन, अमीत सिंह, मनोज सिंह, विनोद कुमार, प्रभु, रामजी आदि लोगों द्वारा दोनों भवनों के निर्माण सहित उचित पथ के निर्माण को अतिशीघ्र पुरा करने का मांग किया गया।

जामिया हुसैनिया मदरसे से मिला अनमय मदद का भरोसा

इस्लामिक शिक्षा के उच्च केंद्र में चला अनमय बचाओ अभियान, अनमय मदद की भीख मदरसे तक पहुंची

प्रखर जौनपुर। शहर बेगमगंज मोहल्ले में इस्लामी शिक्षा के उच्च केन्द्र के रूप में प्रतिस्थापित जामिया हुसैनिया मदरसे में स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप वन नाम बिमारी से पीड़ित सुल्तानपुर के रहने वाले आठ माह के बच्चे अनमय को बचाने का अभियान विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में चलाया गया। वर्ष 1447 ई. से सतत गतिमान जनपद जौनपुर के सबसे पुराने मदरसे के हास्टल में रहकर देश के कोने-कोने से आने वाले हजारो बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। अनमय बचाओं अभियान के सदस्यों का स्वागत मदरसे के मुख्य गेट पर संस्था के मुखिया मौलाना हाजी तौफीक द्वारा किया गया। अभियान के अगुवा विकास तिवारी ने मदरसे से जुड़े लोगों से

कहा कि देश के कोने-कोने से आकर तालिम ग्रहण करने वाले छात्रों को यहा निशुल्क शिक्षा तथा रहने की व्यवस्था व भोजन दिया जाता है। हमारी यह कोशिश सतत जारी है कि जनपद को मिला शिराज-ए-हिन्द का खिताब हमेशा बना रहे। तथा हमें गर्व भी है कि हमारे इस जनपद को विद्वानों का मरकज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि अनमय बचाओ अभियान के तहत अब तक जौनपुर के प्रयासों से कुल 1 करोड़ 95 लाख के धन की व्यवस्था हो गयी है। बाकी के लिए हम निरन्तर सतत प्रयासरत है। और आज इसी क्रम में आपके बीच उपस्थित होकर अनमय के मदद हेतु गुहार लगा रहे है। कार्यक्रम के आयोजक द्वय अतुल सिंह ने बताया कि मदरसे के छात्रों के बीच अनमय बचाओं अभियान सुबह ग्यारह बजे से प्रारंभ होकर सायं चार बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम समाप्त होने तक मदरसे के छात्रों व मुफ्तीयों ने मिलकर भारी मात्रा में धनराशि अनमय के उपचार के लिए प्रेषित किया। उक्त अवसर पर विकास तिवारी, अतुल सिंह, डॉ अब्बासी, अवनीन्द्र यादव, स्नेहिल यादव, अभय राज, रुद्रेश त्रिपाठी, निर्भय, आदर्श, आशीष राज रहे।

थाना समाधान दिवस का आयोजन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानी थाना परिसर पर नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें सात मामले राजस्व से संबंधित प्राप्त हुए जिसे स्थानीय लेखपालों के जरिए निस्तारण के लिए सौप कर तत्काल मौके के लिए उन्हें रवाना कर हल कराने के लिए निर्देशित किया गया थाना समाधान दिवस में उपस्थित रहने वालों में नगर चौकी प्रभारी सदानंद सिंह, इमलीयाचट्टी चौकी प्रभारी दिलीप गुप्ता, उप निरीक्षकर गिरेंदर राय, कमलेश सरकार, सदानंद यादव, समेत क्षेत्र के अधिकांश लेखपाल उपस्थित रहे।

तीन वांछित अभियुक्त भांवरकोल पुलिस की गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर को सोनाड़ी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार शुदा अभियुक्तो को माननीय न्यायालय भेजा। गिरफ्तार करने वाली टीम में

अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग व संदिग्ध व्यक्ति, वाहन तलाश के दौरान वांछित अभियुक्त बब्लू राम उर्फ शिवजी पुत्र अशोक निवासी वीरपुर थाना भांवरकोल, अलीम पुत्र बब्बन निवासी सोनाडी थाना भाँवरकोल, लड्डू उर्फ अनूप पुत्र भोलू राम निवासी ग्राम सोनाड़ी एसओ सत्येन्द्र कुमार राय थाना भांवरकोल, कांस्टेबल राजेश कुमार भारतीय थाना भांवरकोल , कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार थाना भांवरकोल, कांस्टेबल अवधेश कुमार थाना भांवरकोल तथा अंजनी कुमार राय थाना भाँवरकोल गाजीपुर शामिल रहे ।

समाजसेवी निशांत सिंह का हुआ सम्मान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शेनेटाइजर मैन के नाम से प्रसिद्धि पा चुके निशान्त सिंह जिनका नाम पद्मश्री में 2022 में नॉमिनेट हो चुका था, इनके कार्यो की सराहना प्रदेश स्तर तक हो चुकी है। कोविड-19 कि महामारी में खुद अपने हाथों से निशान्त सिंह ने 5 लाख से ज्यादा आबादी को अनवरत 135 दिनों तक बिना किसी से एक रुपया का सहयोग लिए शेनेटाइजेशन का कार्य और जरूरतमंद लोगों को राशन, लन्च पैकेट,शेनेटाइजर, दवाएं, और कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए गांव- गांव घूमकर लोगो को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया।इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए, संयुक्त निदेशक अभियोजन गाजीपुर दिलीप श्रीवास्तव ने 07सितम्बर22 को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया और आज 9 सितम्बर को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति गाजीपुर किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा(9)के तहत सशक्त प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समाजसेवी शाहिद जमाल की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद नगर के युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी शाहिद जमाल खां उम्र 38 वर्ष का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दिन शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी लाश को एम्बुलेंस से देर सायं घर पर लाया गया। शाहिद जमाल की मौत की खबर से पूरे नगर सहित जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शोक की खबर सुनते ही उनके परिजनों से मिलने के लिए नगर के आम जनों और रिश्तेदारों का तांता दिनभर लगा रहा। शाहिद जमाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शाहिद जमाल अपने पीछे एक पत्नी, दो पुत्रियों 5 से 6 वर्ष और 8 माह के एक बच्चे को छोड़ गए। शाहिद पांच बहनों और तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। शाहिद जमाल खां एक मिलनसार और गरीब परवर इंसान थे। जाड़े के दिनों में गरीबों के लिए कम्बल और गरम कपड़ों का वितरण किया करते थे तो वहीं जरूरत मंदो के इलाज के लिए फ्री एम्बुलेंस की व्यवस्था भी कर रखे थे। जिससे मरीजों को जिला मुख्यालय से लेकर वाराणसी तक पहुंचाने का काम किया करते थे। शाहिद नगर के आम जनमानस के समस्याओं और जरूरत के लिये हमेशा तत्पर रहा करते थे। दिन

शनिवार को दिन के 10 बजे पुश्तैनी कब्रिस्तान में उन्हें सिपुर्द-खाक कर दिया गया। उनकी मिट्टी में परिजन, दूर दराज से आये मित्र-रिश्तेदार और नगर के आमजन सभी शामिल थे। क्षेत्रीय विधायक सुहैब उर्फ मन्नू अंसारी, पूर्व विधायक शिबगतुल्लाह अंसारी, भाजपा नेता दिनेश वर्मा, समाज सेवी अमीर हमजा, सभासद प्रतिनिधि शमशाद खां, बलजीत सिंह, त्रिलोकी गुप्ता, सभासद राकेश यादव, पप्पू यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय यादव, जिला पंचायत सदस्य बंगाली यादव, शकील खान, बदरुज्जमा अंसारी आदि लोगों ने गहरा दुःख प्रकट किया और उनके अन्तिम यात्रा में शामिल रहे।

स्टीयरिंग फेल होने से पलटी बस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर से शादियाबाद जा रही एक प्राइवेट बस मौधियां के पास शुक्रवार को सड़क किनारे पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में चालक सहित करीब दर्जन भर यात्रियों के चोटिल होने की सूचना है, जो अलग-अलग स्थानों पर निजी चिकित्सको के यहां प्राथमिक उपचार कराने के बाद अपने घर चले गए। बता दें कि घटना के समय यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने बस के अंदर से यात्रियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने घायलों की मदद करने के साथ ही बस को गड्ढे से बाहर निकलवाने का काम किया। बताया जाता है कि सैदपुर से शादियाबाद के लिए भितरी-मौधियां होते हुए प्राइवेट बस सवारी लेकर अपराह्न बाद चली। मौधियां में सवारी उतारने के बाद जैसे ही बस सादात मोड़ से करीब सौ मीटर आगे बढ़ी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस के पलटने से अफरा तफरी मच गई। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकाला। करीब दर्जन भर यात्रियों के सिर, हाथ, पैर, पेट, सीना में चोट लगी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। ग्राम मलिकपुर निवासी चालक संजय यादव को शीशा से चोट लगा था, जिसका निजी चिकित्सक के यहां मरहम पट्टी कराया गया। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया बताया कि किसी यात्री को गम्भीर चोट नहीं लगी। चालक के अनुसार बस का स्टेयरिंग फेल होने से हादसा हुआ। यह तो संयोग अच्छा रहा कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

मानसिक आघात तनाव के उपचार में मदद कर सकता है

ध्यान

18 साल से कम उम्र के युवाओं के पहले ब्रेन-इमेजिंग अध्ययन में पाया गया कि सक्रिय रूप से ध्यान करने वाले बच्चे मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में कम गतिविधि का अनुभव करते हैं, जो अफवाह, मन-भटकने और अवसाद से संबंधित होते हैं

डेट्राइट (अमेरिका) (द कन्वर्सेशन)। हमारी टीम ने 18 साल से कम उम्र के युवाओं के पहले ब्रेन-इमेजिंग अध्ययन में पाया कि सक्रिय रूप से ध्यान करने वाले बच्चे मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में कम गतिविधि का अनुभव करते हैं, जो अफवाह, मन-भटकने और अवसाद से संबंधित होते हैं। मस्तिष्क क्षेत्रों के इस संग्रह में अति-गतिविधि, जिसे डिफाल्ट मोड नेटवर्क के रूप में जाना जाता है, को नकारात्मक स्व-निर्देशित विचारों की कड़ी में शामिल माना जाता है।

हमारे अध्ययन में, हमने ध्यान के एक सरल रूप की तुलना 10 से पीछे की ओर गिनती, ध्यान के दो अपेक्षाकृत सरल रूपों के साथ की। सांस पर ध्यान केंद्रित करना और ध्यानपूर्वक स्वीकृति। एमआरआई स्कैनर में बच्चों को इन तकनीकों का उपयोग संकट-उत्प्रेरण वीडियो क्लिप देखते समय करना पड़ा, जैसे कि इंजेक्शन प्राप्त करने वाला बच्चा।

हमने पाया कि ध्यान तकनीक उस मस्तिष्क नेटवर्क में गतिविधि को कम करने में व्याकुलता की तुलना में अधिक प्रभावी थी। यह हमारी प्रयोगशाला और अन्य लोगों के अनुसंधान को पुष्ट करता है जो दर्शाता है कि ध्यान तकनीक और मार्शल आर्ट-आधारित ध्यान कार्यक्रम कैंसर या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित बच्चों- और उनके भाई-बहनों में तथा कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूली बच्चों में दर्द और तनाव को कम करने में प्रभावी हैं। मेडिकल छात्र अनीश हेहर के नेतृत्व में ध्यान लगाने पर हुआ यह अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों को तनावपूर्ण अनुभवों से निपटने में मदद करने के लिए इसका काफी उपयोग किया जाता है। इनमें मानसिक आघात, चिकित्सा उपचार या यहां तक कि कोविड-19 से संबंधित तनाव के जोखिम शामिल हो सकते हैं।

यह क्यों महत्व रखता है

अनुसंधानकर्ताओं को इस बारे में बहुत कुछ पता है कि ध्यान करते समय वयस्कों में मस्तिष्क और शरीर में क्या होता है, लेकिन बच्चों के लिए तुलनीय डेटा की कमी रही है। ध्यान करते समय बच्चों के दिमाग में क्या होता है, यह समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि विकासशील मस्तिष्क वयस्क मस्तिष्क से अलग तरह से जुड़ा होता है। ये निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि देखभाल करने वाले और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता अक्सर बच्चों को दर्द और संकट से निपटने में मदद करने के लिए आईपैड या खिलौने देने जैसे तरीकों का उपयोग करते हैं। ह्यलांकि, वे तकनीक काफी हद तक 'प्रीफ्रंटल कार्टेक्स' पर निर्भर हो सकती हैं, जो युवाओं में अविकसित होता है।

इसका मतलब है कि 'प्रीफ्रंटल कार्टेक्स' पर भरोसा करने वाली तनाव और भावना विनियमन तकनीक वयस्कों के लिए अच्छी तरह से काम कर सकती है लेकिन बच्चों के लिए इसके कम सुलभ होने की संभावना है। ध्यान तकनीक 'प्रीफ्रंटल कार्टेक्स' पर निर्भर नहीं हो सकती और इसलिए यह तनाव के प्रबंधन और इसका सामना करने में बच्चों की मदद करने के लिए अधिक सुलभ एवं प्रभावी हो सकती है।

आगे क्या

हमें अभी भी इस बारे में बहुत कुछ सीखना है कि ध्यान बच्चों के मस्तिष्क के विकास को कैसे प्रभावित करता है। इसमें शामिल है कि किस प्रकार की ध्यान तकनीक सबसे प्रभावी है, आदर्श आवृत्ति और अवधि और यह बच्चों को अलग तरह से कैसे प्रभावित करती है। हमारे अध्ययन में सक्रिय कैंसर वाले 12 बच्चों के अपेक्षाकृत छोटे नमूने पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही जीवित बचे लोगों पर, जिन्होंने निदान, उपचार और भविष्य के बारे में अनिश्चितता को लेकर संकट का अनुभव किया हो। बड़े नमूना आकारों के साथ भविष्य के अध्ययन, जिनमें निदान की व्यापक विविधता वाले, प्रारंभिक प्रतिकूलता और मानसिक आघात के संपर्क में आए बच्चे शामिल हों। हमारे जैसे अनुसंधानकर्ताओं को इस बारे में बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे कि ध्यान बच्चों में मस्तिष्क और शरीर को कैसे प्रभावित करता है।

'द गुड वाइफ' में वकील का किरदार निभाएंगी काजोल

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली वेबसीरीज द गुड वाइफ में वकील का किरदार निभाती नजर आएंगी। काजोल, डिज्नी प्लस हाटस्टार की वेब सीरीज द गुड वाइफ में एक वकील के रोल में दिखाई देंगी। इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी प्लस हाटस्टार ने टीजर सोशल मीडिया में शेयर किया।

टीजर में काजोल के किरदार को इंट्रोड्यूस करवाया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि काजोल वकील की ड्रेस पहन रही हैं। बो लगाती हैं। काला कोट पहनती हैं। कैमरा उनकी आंखों पर फोकस होता है और अंत में कहती हैं, शुरू करें। इस टीजर के साथ लिखा गया है, प्यार, कानून और धोखा- गुड वाइफ की फाइट।

विराट के 71वें शतक पर अनुष्का बोलीं, हर चीज में तुम्हारे साथ

मुंबई (आईएएनएस)। अनुष्का शर्मा ने अपने स्टार क्रिकेटर पति विराट कोहली से वादा किया है कि वह हर चीज में हमेशा उनके साथ' हैं। विराट ने गुरुवार को एशिया कप 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 71 वां शतक लगाया। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर मैच से विराट की कई तस्वीरें पोस्ट की। उन्होंने लिखा, हमेशा आपके साथ किसी भी और हर चीज दिल और अनंत इमोजी में। पोस्ट का जवाब देते हुए, विराट ने रेड-हार्ट इमोजीस भेजे। विराट कोहली ने 1020 दिनों बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जमाया। साथ ही भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 61 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 122 रन की पारी के साथ भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ 212/2 पर पहुंचा दिया। अभिनय के मोर्चे पर अनुष्का, अगली बार प्रोसित राय द्वारा निर्देशित 'चकड़ा एक्सप्रेस' में दिखाई देंगी।

श्वेता तिवारी, मानव गोहिल दो दशक बाद करेंगे स्क्रीन शेयर

मुंबई (आईएएनएस)। 'कसौटी जिंदगी की' में एक साथ नजर आने के बीस साल बाद, अभिनेत्री श्वेता तिवारी और मानव गोहिल आगामी शो 'मैं हूं अपराजिता' में एक बार फिर स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। दोनों को फंतासी शो 'नागिन इन 2007' में भी देखा गया था। अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, श्वेता ने कहा, मैं अपराजिता का किरदार निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि वह एक खुशमिजाज महिला है जो हमेशा जीवन में कठिन परिस्थितियों से निपटने का अपना तरीका जानती है। श्वेता करीब 20 साल बाद मानव के साथ फिर से जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं।

यह शो तीन बच्चों की प्यारी मां अपराजिता की दिल को छू लेने वाली यात्रा दिखाएगा, जो उन्हें जिंदगी के रोलर कोस्टर राइड के लिए तैयार कर रही है। मानव अक्षय की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो एक दबंग आदमी है, जो अपने जीवन में यह सब चाहता है। मानव ने कहा, वास्तव में, सबसे अच्छी बात यह है कि मेरे चरित्र में कई परतें हैं, जो शो के दौरान सामने आएंगी। यह मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी चरित्र से काफी अलग है और मैं इस चरित्र की तीव्रता को महसूस करता हूं। मैं श्वेता तिवारी के साथ फिर से जुड़ने को लेकर उतना ही रोमांचित हूं। जी टीवी पर 'मैं हूं अपराजिता' 27 सितंबर से शुरू हो रही है।

सूर्या की फिल्म

सूर्या 42

का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार सूर्या की आने वाली तमिल फिल्म सूर्या 42 का टीजर रिलीज हो गया है। सूर्या 42 में तमिल सुपरस्टार सूर्या लीड रोल में नजर आएंगे, वहीं बालीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी इस फिल्म से फीमेल लीड के रूप में तमिल फिल्म में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है जबकि फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक शिवा कर रहे हैं। वीएफएक्स से तैयार किए गए टीजर की शुरुआत एक बाज से होती है, आसमान में उड़ रहा है। नीचे आग और काले धुएं की तस्वीरें हैं। जंग के निशान हैं। टीजर के अंत में एक वारियर खड़ा नजर आता है और यह बाज उसके कंधे पर जाकर बैठ जाता है। टीजर देखकर सूर्या के फैंस बेहद एक्साइटेड हैं।

'मरुधनायगम' की शूटिंग में महारानी शामिल हुईं : कमल हासन

चेन्नई (भाषा)। अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक कमल ह्यसन ने शुक्रवार को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1997 में यहां उनकी यात्रा के दौरान अपनी अधूरी फिल्म 'मरुधनायगम' के सेट पर महारानी की उपस्थिति को याद किया। उन्होंने कहा कि वह सेट पर औपनिवेशिक शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म में इसके खिलाफ बोले जाने वाले डायलाग से अवगत थी और दिवंगत महारानी को यह एहसास था कि दुनिया और राजनीति बदल गई है।

ह्यसन ने कहा, हम जो डायलाग बोल रहे थे वह औपनिवेशिक शासन के खिलाफ थे। वह यह जानने के बावजूद वहां आई, इससे पता चलता है कि वह एक महारानी के रूप में नहीं, बल्कि एक मां के रूप में यहां आई थी, जिन्होंने यह महसूस किया कि राजनीति बदल गई है, दुनिया बदल गई है। मुझे उनका यह अंदाज पसंद आया था। उन्होंने कहा, महारानी ने एक पूर्ण जीवन जिया और लंबे समय तक शासन किया। इससे पहले, उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि दिवंगत महारानी को न केवल अंग्रेजों ने बल्कि दुनिया भर के लोगों ने प्यार किया है।

उन्होंने कहा, 25 साल पहले उन्होंने हमारा निमंत्रण स्वीकार किया और मरुधनायगम के उद्घाटन में शामिल हो कर हमें अभिभूत कर दिया। संभवतः वह एकमात्र फिल्म थी, जिसकी शूटिंग का वह हिस्सा बनी। ह्यसन ने पांच साल पहले बकिंघम पैलेस में महारानी के साथ हुई अपनी मुलाकात को भी याद किया, जब वह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए लंदन गए थे। उन्होंने इस मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की। दिग्गज अभिनेता ने शाही परिवार और ब्रिटेन के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बृहस्पतिवार को स्काटलैंड के बाल्मोरल पैलेस में 96 साल की उम्र में निधन हो गया।

शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 'लास्ट'

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म 'लास्ट' शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। यामी गौतम की फिल्म 'लास्ट' शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म 'लास्ट' को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में ओपनिंग नाइट प्रीमियर फिल्म की श्रेणी में प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म 'लास्ट' एक खोजी पत्रकार की कहानी है, जो सच की तलाश में भटक रही है। खोजी पत्रकार की भूमिका यामी गौतम ने निभाई है। एक युवा जो कि रंगकर्मी और एक्टिविस्ट है, उस के गुमशुदा होने के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिलता। तब यह खोजी पाकार उसे ढूंढने के लिए जमीन आसमान एक कर देती है। इस तलाश में उसे ऐसे अनजाने सच हाथ लगते हैं, जिससे उसकी सोच और जिंदगी बदल जाती है।

फिल्म 'लास्ट' का निर्देशन अनिरुद्ध राय चौधरी ने किया है। इसका निर्माण जी स्टूडियो, किशोर अरोड़ा, सैम फर्नांडीज, इंद्राणी मुखर्जी ने किया है। इस फिल्म में यामी गौतम, पंकज कपूर, तुषार पांडेय, पिया बाजपेई ने अहम भूमिका निभाई है। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 22 से 25 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

कैटरीना के साथ 'फोन भूत' में काम को लेकर नर्वस था सिद्धांत

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि वह फिल्म फोन भूत में कैटरीना कैफ के साथ काम करने को लेकर नर्वस थे। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही कैटरीना कैफ और ईशान खट्टर के साथ फिल्म 'फोन भूत' में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। सिद्धांत हाल ही में करण जौहर के शो 'काफी विद करण' के सीजन 7 में पहुंचे थे।

शो में करण ने सिद्धांत से सवाल किया कि उन्हें कैटरीना के साथ काम कर कैसा लगा। साथ ही उन्होंने फिल्म 'गहराइयां' में दीपिका पादुकोण के साथ काम का भी एक्सपीरियंस भी पूछा। जवाब में सिद्धांत ने कहा, मैं शुरुआत में कैटरीना के साथ काम करने को लेकर काफी नर्वस था। सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, कैटरीना और दीपिका दोनों अलग-अलग सुपरस्टार हैं। मेरे लिए हर फिल्म पहली फिल्म है, मैंने अपनी पहली फिल्म (गली बाय) में रणवीर और आलिया के साथ काम किया था, फिर दीपिका और अब कैटरीना। फिल्म 'फोन भूत' के सिद्धांत 'खो गए हम कहां' और 'युद्धरा' जैसी फिल्म में भी नजर आएंगे।

जे बल्विन के साथ 'वूडू' पर सहयोग मेरे करियर के लिए महत्वपूर्ण : बादशाह

मुंबई (आईएएनएस)। लोकप्रिय भारतीय रैपर बादशाह, जिनके गीत 'वूड' को जे. बल्विन के साथ एप्पल के मुख्य कार्यक्रम में एकीकृत किया गया है, का कहना है कि लातीनी सुपरस्टार के साथ सहयोग भारतीय संगीत उद्योग और उनके करियर दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। एप्पल के नए एयरपोड प्रो लान्च के इवेंट में 'वूडू' का इस्तेमाल किया गया, जिससे यह भारत के लिए और भी खास और गर्व का क्षण बन गया। इस ट्रैक ने अपने आकर्षक, प्रभाव से भरे वीडियो के साथ नवीनतम उत्पाद पेश किया, जो गाने की अलौकिक थीम को पूरी तरह से दर्शाता है।

एकीकरण के बारे में बात करते हुए, बादशाह ने कहा, मुझे बिल्कुल पता नहीं था कि मेरा गाना 'वूडू' एप्पल के मुख्य कार्यक्रम में चलेगा। जब मैंने इसे सुना तो मुझे लगा कि यह केवल भारतीय बाजार के लिए है, इसलिए मैंने पुष्टि करने के लिए अपनी सेटिंग की जांच की लेकिन तब पता चला कि यह दुनिया भर में लाइव स्ट्रीम होने वाला सिर्फ 1 इवेंट है।

इटली में शुक्रवार को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'न्यूक्लियर' के प्रीमियर के दौरान फोटोग्राफरों को पोज देतीं अभिनेत्री एरिएडना गुटिरेज।

'डब्बा वाले' ने महारानी के साथ नाश्ते पर भेंट को याद किया

मुंबई (भाषा)। मराठी भाषी दो 'डब्बा वालों' के लिए ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से लंदन में उनके साथ बैठकर बातचीत करना आसान नहीं था लेकिन भारत के एक शाही परिवार की महिला ने भाषाई बाधाओं से पार पाने में उनकी मदद की। मुंबई के डब्बा वाले लोगों के घरों तथा रेस्तरां से दोपहर का खाना उनके कार्यालय तक पहुंचाने के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। 'नूतन मुंबई टिफिन बाक्स सप्लायर्स एसोसिएशन' के एक पदाधिकारी रघुनाथ मेडगे ने कहा कि उन्होंने तथा मुंबई के एक और डब्बा वाले सोपान मारे ने महारानी से बात की थी तथा दो बार उनके साथ सुबह का नाश्ता किया था। इन दोनों को अप्रैल 2005 में प्रिंस चार्ल्स तथा कैमिला पार्कर के शाही विवाह समारोह में बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया था। मेडगे ने कहा कि वे शाही विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लंदन की आठ दिवसीय यात्रा पर गए थे। उन्होंने कहा, हमने महारानी एलिजाबेथ तथा शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दो बार सुबह का नाश्ता किया था। वह काफी विनम्र थी। उन्होंने कहा, ह्यलांकि, भाषा की बाधा थी लेकिन राजस्थान में एक शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली पद्मिनी देवी ने महारानी के साथ हमारी बातचीत के दौरान अनुवाद में मदद की। उन्हें भी शादी के लिए आमंत्रित किया गया था। मेडगे ने कहा, हमने सबसे पहले महारानी के साथ बर्मिंघम पैलेस में सुबह का नाश्ता किया जबकि दूसरी बार सुबह का नाश्ता विंडसर कैसल में किया, जहां शादी समारोह का आयोजन किया गया था।

संक्षिप्त खबरें

टियागो का ई माडल

नई दिल्ली। घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स इस महीने के अंत में अपनी कार टियागो का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश करेगी। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस पर कहा कि नेक्सन और टिगोर के बाद टियागो ईवी इलेक्ट्रिक श्रेणी में कंपनी का तीसरा उत्पाद होगी। टाटा मोटर्स ने अगले पांच वर्षों में बिजली से चलने वाले 10 इलेक्ट्रिक माडल पेश करने का लक्ष्य रखा है। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, 'आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

अर्बन क्रूजर की कीमत तय

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुक्रवार को कहा कि उसके स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) अर्बन क्रूजर हायरायडर के शीर्ष चार ट्रिम्स की शोरूम कीमत 15.11 लाख रुपए से 18.99 लाख रुपए के बीच है। मजबूत सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड तकनीक वाले तीन ट्रिम्स की कीमत क्रमशः 15.11 लाख रुपए, 17.49 लाख रुपए और 18.99 लाख रुपए है। आटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ मध्यम हाइब्रिड पावरट्रेन और 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन वाले संस्करण की कीमत 17.09 लाख रुपये है। सभी कीमतें शोरूम की हैं और इनमें अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं।

एएमपी नए क्षेत्र में उतरी

नई दिल्ली। एएमपी एनर्जी ने सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण के क्षेत्र में उतरने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की योजना की भी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'एएमपी एनर्जी इंडिया ने 1.2 गीगावाट (1,200 मेगावाट) तक के मोनोक्रिस्टेलिन पीईआरसी सौर सेल एवं माड्यूल के विनिर्माण और उत्पादन के लिए वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की है।' इन सेल का विनिर्माण पश्चिम बंगाल के फाल्टा में वेबसोल की मौजूदा इकाई में होगा।

इस्मा के नए डीजी

नई दिल्ली। चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने शुक्रवार को एस. मोहंती को अपना नया महानिदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा कि इस्मा की मुख्य समिति ने अपनी पहली बैठक में मोहंती को संगठन के नए महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मोहंती 15 अक्टूबर 2022 से पहले पद ग्रहण कर लेंगे। इस्मा ने अप्रैल के अंत में कहा था कि उसके महानिदेशक अविनाश वर्मा ने 27 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मोहंती आईएसडब्ल्यूएआई में महासचिव थे।

कांदिमा द्वीप बना आकर्षक वेडिंग सेलिब्रेशन

नई दिल्ली। मालदीव का कांदिमा द्वीप वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए आकर्षक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। कांदिमा के कूल वेडिंग प्लानर शादी की प्लानिंग प्रोसेस को अच्छी तरह से बताते हैं और इस बारे में जरूरी मार्गदर्शन करते हैं। इससे शादी का प्लानिंग को बिना किसी झंझट, दिक्कत के धरातल पर उतारने में आसानी होती है। यहां छोटे से लेकर बड़े इवेंट तक आसानी से किए जा सकते हैं। यहां 500 मेहमानों के ठहरने का भी अच्छा इंतजाम है। यदि आप कुछ मनोरंजक मनोरंजन जोड़ना चाहते हैं तो कांदिमा पर इन-हाउस बैंड और डीजे और ऑडियो-विजुअल सपोर्ट की पूरी तरह से सुसज्जित टीम आपके के लिए तैयार है।

बीते दस माह में सबसे कम हुआ म्यूचुअल फंड निवेश

■ इक्विटी फंड में लगातार 18वें माह रहा है सकारात्मक प्रवाह ■ पिछले कुछ महीनों में निवेश की रफ्तार में आई है कुछ कमी

नई दिल्ली (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजार में अस्थिर माहौल के बीच म्यूचुअल फंड में अगस्त में 6,120 करोड़ रुपए का निवेश आया है। यह आंकड़ा पिछले दस माह में सबसे कम है।

हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड में सकारात्मक प्रवाह का यह लगातार 18वां महीना था लेकिन पिछले कुछ महीनों में निवेश की गति में गिरावट आई है।

एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में शुद्ध निवेश जुलाई के मुकाबले कम रहा। जुलाई में 8,898 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। यह आंकड़ा जून में 18,529 करोड़ रुपए और मई में 15,890 करोड़ रुपए था।

अगस्त के महीने में अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम निवेश देखा गया। तब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 5,215 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

मार्च, 2021 से इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश का प्रवाह देखा जा रहा है। इससे पहले जुलाई, 2020 से फरवरी, 2021 तक इस तरह की योजनाओं में लगातार आठ महीनों के लिए निकासी देखने को मिली थी। इस दौरान इन योजनाओं से कुल 46,791 करोड़ रुपए निकाले गए थे। बाजार में अस्थिरता बनी हुई है क्योंकि मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही है। इक्विटी के अलावा, ऋण म्यूचुअल फंड में पिछले महीने 49,164 करोड़ रुपए का निवेश आया, जो जुलाई में 4,930 करोड़ रुपए के निवेश से काफी अधिक है।

म्यूचुअल फंड उद्योग ने जुलाई में 23,605 करोड़ रुपए की तुलना में अगस्त में 65,077 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया।

कोविड उपचार में मददगार नई जेनेरिक दवा लांच

हैदराबाद (भाषा)।

बायोफोर इंडिया फार्मास्युटिकल्स की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी जेनारा फार्मा ने कोविड के हल्के-से-मध्यम लक्षण वाले मरीजों के उपचार के लिए पैक्सलोविड की जेनेरिक दवा भारतीय बाजार में उतारने की शुक्रवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि इस दवा के विनिर्माण व बिक्री की मंजूरी दवा मानक नियंत्रण संगठन ने उसे पिछले महीने ही दे दी थी। यह उत्पाद 'पैक्सजेन' ब्रांड नाम से बेचा जाएगा और इसका विनिर्माण कंपनी के हैदराबाद स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में किया जाएगा। जेनारा ने कहा कि मरीजों की पहुंच में लाने के उद्देश्य से भारत में इस उत्पाद को उतारा गया है।

अडाणी के कर्ज पर क्रेडिट साइट्स के सुर पड़े नरम

■ कहा, आंकड़ों की गणना में हो गई थी गलती

नई दिल्ली (भाषा)।

क्रेडिट साइट्स ने अडाणी समूह पर अत्यधिक कर्ज होने के संबंध में जारी अपनी रिपोर्ट की भाषा को कुछ नरम किया है। हालांकि, यह बात एक बार फिर दोहराई गई है कि समूह पर काफी अधिक कर्ज है।

फिच समूह की फर्म क्रेडिट साइट्स ने अडाणी समूह के प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद प्रकाशित एक टिप्पणी में कहा कि उसने समूह की दो कंपनियों पर जारी अपनी हालिया ऋण रिपोर्ट में "गणना संबंधी गलतियों का पता लगाया है।' लेकिन, उसने अपनी निवेश सिफारिशों को नहीं बदला। क्रेडिट साइट्स ने पिछले महीने जारी एक रिपोर्ट में अडाणी समूह के भारी कर्ज में डूबे होने की बात कही थी। उसका कहना था कि समूह बड़े पैमाने पर कर्ज लेकर उस राशि का इस्तेमाल अपने मौजूदा कारोबार के विस्तार एवं नए कारोबारों को खड़ा करने में कर रहा है।

■ समूह पर अत्यधिक कर्ज की बात पर अब भी कायम है क्रेडिट साइट्स कंपनी
■ इस कर्ज को लेकर अपनी दूसरी रिपोर्ट में भी जताई है चिंता
■ क्रेडिट साइट्स ने अडाणी समूह के साथ चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट में किए हैं कुछ मामूली सुधार
■ अडाणी पावर और अडाणी ट्रांसमिशन में गणना में गलती मानी

क्रेडिट साइट्स ने यह आशंका भी जताई थी कि हालात बिगड़ने पर समूह की ऋण-समर्थित कारोबार योजनाएं भारी कर्ज के जाल मे डूब सकती है और इसका नतीजा एक या अधिक कंपनियों के कर्ज भुगतान चूक के रूप में भी आ सकता है। अडाणी समूह ने पिछले कुछ साल में अपने कारोबार का बड़ी तेजी से विस्तार किया है। कोयला खनन, बंदरगाह, हवाईअड्डा, डेटा सेंटर, सीमेंट, एल्युमिनियम और शहरी गैस वितरण जैसे तमाम कारोबार क्षेत्रों में समूह काम कर रहा है। क्रेडिट साइट्स ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, 'चर्चा के दौरान (अडाणी समूह के प्रबंधन के साथ) हमें अडाणी समूह की दो कंपनियों अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी पावर में गणना की गलतियों के बारे में पता चला।'

ताजा रिपोर्ट में कहा गया, 'अडाणी ट्रांसमिशन के लिए, हमने अपने कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) अनुमान को 4,200 करोड़ रुपए से 5,200 करोड़ रुपए कर दिया है। अडाणी पावर के लिए हमने अपने सकल ऋण अनुमान को 58,200 करोड़ रु पए से 48,900 करोड़ रुपए कर दिया है। इन सुधारों ने हमारी निवेश सिफारिशों को नही बदला है।' क्रेडिट साइट्स ने कहा कि गणना में इन बदलावों के बावजूद "समग्र आधार पर, हम अभी भी अपनी मूल वित्तीय गणना और क्रेडिट अनुपात के साथ खड़े है, जो हमें अडाणी समूह के अत्यधिक कर्ज को लेकर चिंतित करता है।

इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र की पीएलआई योजना में 32 कंपनियों के प्रस्ताव मंजूर

नई दिल्ली (भाषा)।

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की अगुवाई वाली एक अधिकार-प्राप्त समिति ने शुक्रवार को इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण क्षेत्र के लिए संचालित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 32 लाभार्थियों को मंजूरी दी।

नीति आयोग ने एक ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि परमेश्वरन अय्यर की अगुवाई वाली समिति ने बड़ी इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण कंपनियों के लिए संचालित पीएलआई योजना के तहत मोबाइल विनिर्माण के पहले प्रोत्साहन प्रस्ताव की स्वीकृति दी। इसके तहत 10 कंपनियों को मोबाइल विनिर्माण के लिए योजना का लाभ दिया जाएगा। यह पहला मौका है जब पीएलआई योजना के तहत किसी मोबाइल विनिर्माण इकाई को चयनित किया गया है।

नीति आयोग ने कहा, 'बड़े आकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण इकाइयों के लिए संचालित पीएलआई योजना के तहत 32 लाभार्थियों को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 10 कंपनियां मोबाइल विनिर्माण से संबंधित हैं। मोबाइल विनिर्माण वाली कंपनियों में से पांच घरेलू और पांच विदेशी है। सरकार ने अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ पीएलआई योजना शुरू की थी। इन क्षेत्रों में वाहन, वाहन उपकरण, इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद, फार्मा, कपड़ा, उन्नत रसायन सेल और विशेषीकृत इस्पात शामिल हैं। पीएलआई योजना का मकसद घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बनाना है।

आम आदमी के लिए खुलेगा ओएनडीसी

■ इससे किसी भी ई कामर्स कंपनी से खरीद सकेंगे किसी भी विक्रेता के उत्पाद

■ पांच शहरों में चल रही है पायलट परियोजना ■ जल्द ही अन्य शहरों में हो सकता है विस्तार

फायदे

■ फ्लिपकार्ट के ग्राहक अमेजन पर मौजूद विक्रेता का सामान खरीद सकेंगे
■ विक्रेता को अलग-अलग साइट पर नहीं करना पड़ेगा अपना रजिस्ट्रेशन
■ ग्राहकों को भी हर साइट पर नहीं बनानी पड़ेगी अपनी लागइन आईडी
■ छोटे दुकानदारों को मिलेगी ई कामर्स के जरिए उत्पाद बेचने की आजादी
■ इसके लिए हर वेबसाइट पर नहीं देना होगा अलग-अलग पंजीकरण शुल्क
■ ई कामर्स साइट द्वारा लिए जाने वाले मनमाने कमीशन पर लगेगी लगाम
■ इससे प्रतिस्पर्धा में होगा इजाफा जिसका फायदा क्रेता-विक्रेता को मिलेगा

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की पहल 'ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स' को जल्द ही आम जनता के लिए खोला जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस पहल का मकसद छोटे खुदरा विक्रेताओं की मदद करना और बड़ी ई-कामर्स कंपनियों के प्रभुत्व को कम करना है।

'ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स' (ओएनडीसी) के मुख्य व्यवसाय अधिकारी शिरीष जोशी ने कहा कि इस पहल से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने अप्रैल में पांच शहरों दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु, भोपाल, शिलांग और कोयंबटूर में ओएनडीसी की पायलट आधार पर शुरु आत की थी। इन शहरों में लोगों को इसके जरिए लेनदेन करने की अनुमति थी।

जोशी ने कहा कि इस पर काम चल रहा है और जल्द ही इसे जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है। वह यहां यूनिकामर्स द्वारा आयोजित सरल 2022 मेगा ई-कामर्स शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। ओएनडीसी ने प्रायोगिक चरण में विक्रेताओं के साथ काम करने के लिए ई-समुदाय, गोफ्रुगल, ग्रोथ फाल्कन, और सेलरऐप को जोड़ा था। जाने माने 20 संगठनों ने ओएनडीसी में 255 करोड़ रुपए के निवेश की पुष्टि की है। भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बैंक आफ बड़ौदा जैसे ऋणदाताओं ने पहले ही निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

ओएनडीसी का मकसद बड़ी बहुराष्ट्रीय ई-कामर्स कंपनियों के प्रभुत्व पर अंकुश लगाना है, जो देश के आधे से अधिक ई-कामर्स व्यापार को नियंत्रित करती है, बाजार तक पहुंच को सीमित करती है, कुछ विक्रेताओं को तरजीह देती हैं और आपूर्तिकर्ताओं के मार्जिन को कम करती है।

क्या है ओएनडीसी

यह अपनी तरह की यह अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य ई कामर्स कारोबार से जुड़ी कंपनियों और ग्राहकों को बेचने और खरीदने की आजादी दिलाना है। योजना के तहत अगर कोई ग्राहक किसी ई कामर्स वेबसाइट पर पंजीकृत विक्रेता का सामान खरीदना चाहता है लेकिन वह उस वेबसाइट पर लागइन नहीं है तो वह किसी अन्य ई कामर्स वेबसाइट पर भी उक्त विक्रेता का सामान खरीद सकता है। अर्थात किसी एक साइट पर पंजीकृत विक्रेता को अन्य ई कामर्स वेबसाईट पर भी उक्त विक्रेता का सामान खरीदने की आजादी मिलेगी। इससे क्रेता और विक्रेता दोनों को फायदा होगा और बड़ी ई कामर्स कंपनियों का एकाधिकार खत्म होगा।

एयर इंडिया ने सरकारी भवनों में चल रहे दफ्तरों को खाली करना शुरू किया

■ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बने आधुनिक कार्यालय में शिफ्ट होंगे कंपनी के सभी दफ्तर

मुंबई (भाषा)।

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने देशभर में अपने कार्यस्थलों को एकसाथ लाने की रणनीति के तहत सितम्बर से उन कार्यालयों को खाली करना शुरू कर दिया है जिनका संचालन अभी सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों से हो रहा है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि कि एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया के कार्यालय अगले वर्ष मार्च से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बने आधुनिक कार्यालय परिसर से संचालित होंगे। यह कंपनी की समेकन की रणनीति के तहत किया जा रहा है जिससे सहयोग बेहतर हो सके और नई प्रौद्योगिकियों को सुगमता से लागू किया जा सके।



एयर इंडिया के कर्मचारी बड़ी संख्या में नई दिल्ली में एयरलाइंस ह्यउस, सफदरजंग काम्प्लेक्स, जीएसडी काम्प्लेक्स और आईजीआई टर्मिनल वन पर है। इन स्थानों पर कार्यरत कर्मचारियों को गुरु ग्राम में अस्थायी कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा और अंततः वर्ष 2023 की शुरुआत में उन्हें नवनिर्मित वाटिका वन-आन-वन परिसर में भेजा जाएगा।

एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैम्पबेल विल्सन ने कहा, 'अनेक कार्यालयों को एक छत के नीचे लाना और क्षेत्रीय ढांचे से केंद्रीकृत ढांचे की ओर बढ़ना एयर इंडिया की रूपांतरण यात्रा में अहम पड़ाव है।' एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस का इस साल 27 जनवरी को टाटा समूह ने अधिग्रहण कर लिया था। इन एयरलाइन के अलावा टाटा समूह की विस्तार और इसके संयुक्त उपक्रम में बहुलांश 51 फीसदी हिस्सेदारी और एयर एशिया इंडिया में 83.67 फीसदी हिस्सेदारी है।

जल प्रबंधन के क्षेत्र में काम करने वाले 76 स्टार्टअप को मिलेगी वित्तीय मदद

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जल प्रबंधन संबंधी चुनौती के तहत उसने 76 स्टार्टअप का चयन किया है। चुने गए प्रत्येक स्टार्टअप को जल आपूर्ति, इस्तेमाल किए गए पानी के प्रबंधन और जलाशयों के कायाकल्प के क्षेत्रों में कार्य करने के लिए 20 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद दी जाएगी।

मंत्रालय ने कहा कि 'इंडिया वाटर पिच-पायलट-स्केल स्टार्टअप चैलेंज' की शुरु आत अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (2.0) के तहत मार्च 2022 में की गई थी और इसके लिए उसने स्टार्टअप का चयन किया है। उसने कहा कि एक 'स्टार्टअप गेटवे' भी शुरू किया गया है जहां स्टार्टअप आवेदन दे सकते हैं और मंत्रालय वित्तीय समर्थन देने के लिए उनका चयन करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक कार्यक्रम में कहा, "चयनित स्टार्टअप को 20-20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।'

टूटे चावल के निर्यात पर लगाई गई रोक

■ गैर-बासमती चावल के निर्यात पर शुल्क लगा

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने खुदरा दाम को काबू में रखने और घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के इरादे से टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मौजूदा खरीफ सत्र में धान की बुवाई के रकबे में कमी आने के कारण इस साल चावल उत्पादन में 1.0-1.2 करोड़ टन की गिरावट आने के अनुमान के बीच यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा सरकार ने निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए गैर-बासमती चावल पर 20 प्रतिशत का सीमा शुल्क भी लगा दिया है।

केंद्रीय खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने की वजह बताते हुए कहा कि बहुत बड़े पैमाने पर टूटे चावल की खेप बाहर भेजी जाती रही है। इसके अलावा पशु चारे के लिए भी समुचित मात्रा में टूटा चावल उपलब्ध नहीं है। इसका इस्तेमाल एथनॉल में मिलाने के लिए भी किया जाता है। चीन के बाद चावल उत्पादन में दूसरे स्थान पर मौजूद भारत इस खाद्यान्न के वैश्विक व्यापार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 2.12 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जिसमें से 39.4 लाख टन बासमती किस्म का चावल था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, 'टूटे हुए चावल के लिए निर्यात नीति को मुक्त से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अधिसूचना शुक्रवार से प्रभावी हो गई है। खाद्य सचिव ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 38.9 लाख टन टूटे चावल का निर्यात किया था जो वर्ष 2018-19 के 12.2 लाख टन की तुलना में बहुत अधिक है। चीन ने पिछले वित्त वर्ष में 15.8 लाख टन टूटे चावल का आयात किया था।

सीतारमण करेंगी माइंडमाइन शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली (एसएनबी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दो दिवसीय माइंडमाइन शिखर सम्मेलन का 13 सितंबर को यहां उद्घाटन करेंगी। यह माइंडमाइन इंस्टिट्यूट का प्रमुख आयोजन है जो हीरो एंटरप्राइज द्वारा प्रमोट किया गया है। 13 और 14 सितंबर, 2022 को हो रहे इस सम्मेलन की विषय वस्तु "पोस्ट पैडेमिक : रिपर्पजिंग इंडिया' रखा गया है। इसको संबोधित करने वालों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अनंत नागेश्वरन और 'द कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री शामिल है।

हीरो एंटरप्राइज के अध्यक्ष सुनील कांत मुंजाल ने कहा कि माइंडमाइन 2022 में महामारी के बाद फिर से खड़े हो रहे नए भारत की चुनौतियों पर रोशनी डाली जाएगी। उन्होंने कहा, 'इस साल के थीम को चुनते समय काफी विचार किया गया था; हमें अहसास हुआ कि पिछले दो साल में जमीनी स्तर पर कितना बदलाव हुआ है; और हमें अपने बोध को नए रूप में ढालने और नागरिकों, संस्थाओं तथा देश के तौर पर अपनी अपेक्षाओं में सुधार की जरूरत क्यों है। इसलिए इस साल के समिट का नाम पोस्ट पैडेमिक : रिपर्पजिंग इंडिया रखा गया है।'

अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री में 21% फीसद इजाफा

■ सेमीकंडर की कमी दूर होने और त्योहारी मांग निकलने से थोक बिक्री में दर्ज की गई है यह बढ़ोतरी



नई दिल्ली (भाषा)।

सेमीकंडकर आपूर्ति में सुधार और त्योहारी मांग के चलते अगस्त, 2022 में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने डीलरों को 2,81,210 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई थी जबकि अगस्त 2021 में यह आंकड़ा 2,32,224 इकाई था। सियाम ने कहा कि यात्री कारों की थोक बिक्री पिछले महीने 23 प्रतिशत बढ़कर 1,33,477 इकाई हो गयी। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,08,508 इकाई थी।

उपयोगिता वाहनों की आपूर्ति अगस्त में 20 प्रतिशत बढ़कर 1,35,497 इकाई पर पहुंच गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,12,863 इकाई थी। इसी तरह, पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 15,57,429 इकाई हो गई। अगस्त, 2021 में यह 13,38,740 इकाई थी। वहीं, पिछले महीने मोटरसाइकिल की थोक बिक्री भी 23 प्रतिशत बढ़कर 10,16,794 इकाई हो गई। पिछले साल अगस्त माह में इसकी 8,25,849 इकाई बिकी थी।

सियाम ने कहा कि पिछले महीने 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,04,146 स्कूटरों की बिक्री हुई। अगस्त 2021 में यह संख्या 4,60,284 इकाई थी। सियाम के अनुसार, इस साल अगस्त में सभी खंडों में बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 18,77,072 इकाई पर पहुंच गयी। पिछले साल अगस्त माह में यह आंकड़ा 15,94,573 इकाई का था। संगठन ने कहा कि सेमीकंडकर की कमी में सुधार और त्योहारी सीजन की मांग के चलते आपूर्ति में तेजी आयी है।

वही, सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अच्छे मानसून और आगामी त्योहारी सीजन से मांग बढ़ने की संभावना है। हालांकि सियाम आपूर्ति पक्ष की चुनौतियों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

एशिया कप 2022 : फाइनल से पहले श्रीलंका ने दिखाया दम

पाक को पांच विकेट से हराया, हसरंगा ने झटके तीन विकेट

दुबई। श्रीलंका ने मैन ऑफ द मैच वानिंदू हसरंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद पथुम निसंका (55 नाबाद) के अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान को एशिया कप 2022 के सुपर-4 मैच में पांच विकेट से मात दी।

शनाका की टीम ने पाकिस्तान को पहले 121 रन पर ऑलआउट किया और फिर 122 रन के लक्ष्य को 17 ओवर में हासिल कर लिया। हसरंगा ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाकर चार ओवर में सिर्फ 21 रन दिए और बाबर आजम को आउट किया। इसके बाद पाथुम निसंका ने 48 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 55 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और शानदार फॉर्म में चल रहे मोहम्मद रिजवान (14) को जल्दी पवेलियन लौटाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे फखर जमान (13) रनगति बढ़ाने के प्रयास में आउट हो गएस। बाबर ने पाकिस्तान के लिये सर्वाधिक 30 रन बनाए, हालांकि उन्होंने इसके लिए 29 गेंदें खेलीं। 11वें ओवर में बाबर के आउट होने के बाद पाकिस्तान के विकेटों की झड़ी लग गई और उसने अगले नौ ओवरों में सात विकेट गंवाये। इस दौरान पाकिस्तान ने सिर्फ 53 रन जोड़े, जिसमें 26 रन का योगदान मोहम्मद नवाज ने दिया। हसरंगा के अलावा महीष तीक्षणा ने दो विकेट लिए जबकि धनन्जय डी सिल्वा और चमिका को करुणारत्ने को एक-एक विकेट हासिल हुआ। पाकिस्तान पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 19.1 ओवर में ही ऑलआउट हो गयी। इस मुकाबले की जीत हालांकि श्रीलंका के लिए निरर्थक है क्योंकि दोनों टीमें पहले ही एशिया कप के फाइनल में पहुंच चुकी हैं, जो रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा।

निसंका ने जड़ा विजयी अर्धशतक

पाकिस्तान ने 122 रन के न्यून लक्ष्य की रक्षा करते हुए दूसरी पारी की शानदार शुरुआत की और पहले दो ओवर में दो विकेट लिए। मोहम्मद हसनैन ने मेंडिस को, जबकि हारिस ने दनुष्का गुनतिलक को शून्य रन पर पवेलियन लौटाया। धनन्जय डी सिल्वा (09) का विकेट गिरने के बाद भानुका राजपक्षे ने 19 गेंदों पर दो छक्कों की बदौलत 24 रन बनाकर सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका के साथ 51 रन की साझेदारी की और मैच को श्रीलंका की झोली में डाल दिया। इसके अलावा कप्तान दसुन शनाका ने 21 रन की बनाए। हसरंगा ने तीन गेंदों पर 10 रन बनाए और चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी।

आसिफ अली और फरीद पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद पर आईसीसी ने आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच में दोनों के बीच झड़प हो गयी थी। फरीद ने 19वें ओवर में आसिफ को आउट करने के बाद उनके बहुद करीब जाकर विकेट लेने की खुशी जाहिर की। जवाब में आसिफ ने फरीद को धक्का दिया जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कराया। आईसीसी ने कहा, आसिफ ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन किया।

स्वियातेक - जब्योर के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

यूएस ओपन: स्वियातेक ने सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी

न्यूयॉर्क। पोलैंड की इगा स्वियातेक और ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर के बीच यूएस ओपन 2022 के महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विश्व की नंबर एक स्वियातेक ने आर्थर ऐश स्टेडियम में दो घंटे 11 मिनट चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और छठी सीड सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया।

स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैंने पहले सेट और आखिरी दो सेटों के बीच बहुत बड़ा अंतर महसूस किया। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपनी ऊर्जा का स्तर थोड़ा ऊपर उठाया। उन्होंने कहा, अरिना ने इसे निश्चित रूप से कठिन बनाया। मुझे लगा जैसे वह बहुत ठोस सर्व कर रही थीं। तीसरे सेट में वापस आना कठिन था, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह कर सकी। स्वियातेक ने इस सीजन से पहले कभी यूएस ओपन क्वॉर्टरफाइनल में भी कदम नहीं रखा था, लेकिन अब वह अपने करियर के तीसरे और इस साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गयी हैं। ग्रैंड स्लैम फाइनल में स्वियातेक का रिकॉर्ड 2-0 का है। वह पेरिस की लाल बजरी पर 2020 और 2022 में फ्रेंच ओपन खिताब जीत चुकी हैं।

यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी महिला बनीं जब्योर

साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम फाइनल में स्वियातेक का सामना पांचवीं सीड ओन्स जब्योर से होगा, जो एकतरफा सेमीफाइनल में फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया को 6-1, 6-3 से हराकर आ रही हैं। पोलैंड की स्वियातेक इस सत्र में 50 मैच जीतकर 2022 में सबसे ज्यादा विजय हासिल करने वाली खिलाड़ी हैं, जबकि 44 मैच जीतने वाली जब्योर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। जब्योर ने हालांकि पिछले दो सालों में सर्वाधिक 92 मैच जीते हैं। स्वियातेक (फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन) और जब्योर (विंबलडन, यूएस ओपन) सिर्फ दो ही ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस साल दो ग्रैंड स्लैम आयोजनों के फाइनल में जगह बनायी है। स्वियातेक और जब्योर अब तक चार बार आमने-सामने आयी हैं और दोनों ने दो-दो मुकाबले जीते हैं। इस सीजन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए एकलौते मुकाबले में स्वियातेक ने जब्योर को 6-2, 6-2 से हराया था। जब्योर फांस की गार्सिया को पछाड़कर यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी महिला बन गईं। इस पहले वह जुलाई में विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी महिला भी बनी थीं।

रवींद्र जडेजा से नाराज बीसीसीआई

गैरजरूरी एडवेंचर एक्टिविटी के दौरान हुए चोटिल

नई दिल्ली। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में नहीं खेल पाएंगे। क्योंकि उन्हें फिट होने में अभी समय लगेगा। जडेजा को यूएई में एशिया कप के दौरान चोट लग गई थी। हाल ही में घुटने की चोट के कारण उनकी सर्जरी हुई हैं।

ऑलराउंडर ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए समय पर फिट नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जडेजा की इंजरी को लेकर खफा है। जडेजा को टीम बॉन्डिंग एक्टिविटी के दौरान चोट लगी है। एडवेंचरस एक्टिविटी के दौरान जडेजा खुद को बैलेंस नहीं कर पाए और चोट लगा बैठे। एक सूत्र ने बताया कि, एक एडवेंचर

एक्टिविटी के दौरान उनको स्की बोर्ड पर खुद को बैलेंस करना था। यह एक्टिविटी ट्रेनिंग मैनुअल का हिस्सा नहीं थी। यह बिल्कुल गैरजरूरी था। वह फिसल गए और उनका घुटना मुड़ गया। जिसके लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। भारतीय टीम के अहम सदस्यों में से एक माने जाने वाले जडेजा की चोट ने बीसीसीआई में कई लोगों को नाराज कर दिया है। ऐसे में सवाल उठाया गया है कि क्या इस तरह की गतिविधि की आवश्यकता थी। हालांकि, बोर्ड ने अभी तक आधिकारिक तौर पर जडेजा की चोट की स्थिति के बारे में पुष्टि नहीं की है, लेकिन इसे खराब माना जा रहा है। बता दें कि रवींद्र जडेजा टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। जसप्रीत बुमराह की स्थिति पर अभी कुछ साफ नहीं हैं। ऐसे में रवींद्र जडेजा की अक्षर पटेल के टीम में शामिल होने की उम्मीद है। पटेल जडेजा के लिए एक समान प्रतिस्थापन हैं और पिछले एक साल में भारतीय टीम के अंदर और बाहर रहे हैं।अक्षर का नाम एशिया कप 2022 के लिए भारतीय टीम में रिजर्व में भी रखा गया था और जडेजा के आउट होने के बाद उन्हें मुख्य टीम में लाया गया था।

प्रधानमंत्री ने डायमंड लीग फाइनल्स का खिताब जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीरय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग फाइनल्स का खिताब जीतने पर शुक्रवार को बधाई दी। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, प्रतिष्ठित डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाला पहला भारतीय बनने और फिर से इतिहास रचने वाले नीरज चोपड़ा को बधाई।

उन्होंने शानदार समर्पण और निरंतरता का प्रदर्शन किया है। उनकी बार-बार की सफलताएं भारतीय एथलेटिक्स की शानदार प्रगति को दर्शाती हैं। टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान रचते हुए ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल का जेवलिन थ्रो खिताब अपने नाम किया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर की दूरी पर भाला फेंका जो उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी था। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता को अन्य पांच प्रतिभागियों से कोई मुकाबला देखने को नहीं मिला और नीरज ने आसानी से डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। जीत के बाद नीरज चोपड़ा ने कहा, वह देश के एकमात्र एथलीट होने के नाते डायमंड लीग जैसे बड़े आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करते हुए अकेला महसूस करते हैं।

रहाणे और जायसवाल ने जड़े दोहरे शतक

नई दिल्ली। भारतीय टीम में वापसी की कवायद में जुटे कप्तान अजिंक्य रहाणे और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 590 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने भी शतक जड़ा। गुरुवार को बारिश के कारण सिर्फ 25 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन शुक्रवार को साफ मौसम का पूरा फायदा उठाते हुए पश्चिम क्षेत्र ने 98 ओवर में 474 रन बटोरे। दिन का खेल खत्म होने पर रहाणे 264 गेंद में नाबाद 207 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल त्रिपाठी 25 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जायसवाल ने 228 जबकि पृथ्वी ने 113 रन की पारी खेली। पश्चिम क्षेत्र की टीम शुक्रवार को बिना विकेट खोए 116 रन से आगे खेलने उतरी। पृथ्वी ने 61 जबकि जायसवाल ने 55 रन से पारी को आगे बढ़ाया। पृथ्वी ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और जायसवाल के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने इस दौरान शतक भी पूरा किया।

इंग्लैंड में शनिवार को शुरू होगा क्रिकेट

लंदन। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट मैच शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू होगा। भारतीय महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच ब्रिस्टल में खेला जाने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय भी शनिवार को ही खेला जाएगा। इंग्लैंड ने तीसरे और आखिरी टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी लेकिन टेस्ट का पहला दिन बारिश में धुल गया था, जबकि दूसरे दिन का खेल महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया था। पहले दो दिन का खेल स्थगित होने के कारण यह टेस्ट मैच सिर्फ तिन दिन का होगा।

प्रीमियर लीग और इएफएल मैच स्थगित

लंदन। इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण प्रीमियर लीग और इंग्लिश फुटबाल लीग (ईएफएल) के सप्ताहांत को होने वाले मुकाबले स्थगित कर दिये गए हैं। इंग्लैंड में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली 96 वर्षीय एलिजाबेथ का गुरूवार को स्काटलैंड में निधन हो गया था। प्रीमियर लीग ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा, महारानी के असाधरण जीवन और देश के प्रति योगदान को सम्मान देने के लिये सोमवार समेत सप्ताहांत में होने वाला प्रीमियर लीग मैच राउंड स्थगित किया जायेगा। प्रीमियर लीग के मुख्य अधिकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, हम और हमारा क्लब देश को दी गयी लंबी और अविचल सेवा के लिये महारानी को श्रद्धाजंलि अर्पित करता है।

आईओसी ने भारत को निलंबन की आखिरी चेतावनी दी

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को ओलंपिक चार्टर के अनुसार जल्द से जल्द अपने चतुष्कोणीय चुनाव कराने की अंतिम चेतावनी जारी की। ईबी ने कहा कि यदि भारत चुनाव कराने में विफल रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। बोर्ड ने मई 2023 में मुंबई में होने वाले आईओसी सत्र को सितंबर या अक्टूबर 2023 तक स्थगित करने का भी फैसला किया। आईओसी ने कहा कि ईबी दिसंबर 2022 में भारतीय ओलंपिक संघ से संबंधित अपनी अगली बैठक के दौरान लिये जाने वाले निर्णयों के आधार पर तय करेगा कि 2023 में आईओसी सत्र भारत में हो या स्थानांतरित किया जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईओए प्रमुख नरिंदर बत्रा की हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्यता को समाप्त किया था जिसके बाद उनकी आईओए अध्यक्षता भी समाप्त हो गयी थी। न्यायालय ने बत्रा की जगह अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के पूर्व प्रमुख अनिल खन्ना को आईओए का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले महीने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलों को संभालने और चुनाव कराने के लिए तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) नियुक्त की थी।

यूनाइटेड को शुरुआती मुकाबले में मिली हार

यूरोपा लीग में रियल सोसिडाड ने 1-0 से हराया

मैनचेस्टर। ब्रिस मेंडेज के शानदार गोल की बदौलत रियल सोसिडाड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से शिकस्त दी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की वापसी के बाद भी यूनाइटेड को अपने पहले मैच में ही हार का सामना करना पड़ा। सोसिडाड के लिए ब्रिस मेंडेज ने 59वें मिनट में एकमात्र गोल दागा। रोनाल्डो को इससे पहले आखिरी बार 13 अगस्त को इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच में शुरुआती एकादश में शामिल किया गया था। इसके बाद उन्हें चार मैचों में

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा गया। यूनाइटेड ने इन चारों मैच में जीत दर्ज की थी। रोनाल्डो चैंपियन्स लीग के किसी क्लब में स्थानांतरण नहीं करवा पाए और इसलिए उन्हें 2002 के बाद पहली बार यूरोप की दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण दोनों टीम इस मैच में काली पट्टियां बांधकर उतरी। इस बीच यूरोपा लीग के ही एक अन्य मैच में आर्सेनल ने ज्यूरिख को 2-1 से शिकस्त दी।

इंडिया लीजेंड्स- द. अफ्रीका के बीच होगा उद्घाटन मैच

आरएसडब्ल्यूएस-2: युवराज सिंह, इरफान पठान, रैना, बिन्नी इंडिया लीजेंड के लिए खेलेंगे

कानपुर। बहुप्रतीक्षित रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (आरएसडब्लूएस) 2022 वापस आ गयी है और प्रशंसकों को एक बार फिर अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों को पिच पर उसी जुनून और प्रतिस्पर्धी भावना के साथ लड़ते हुए देखने का अवसर मिलेगा, जिस भावना से वे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते थे। इस बहुप्रतीक्षित टी20 टूर्नामेंट का पहला चरण सचिन की अगुवाई वाली मौजूदा चैंपियन इंडिया लीजेंड्स और साउथ अफ्रीका लीजेंड्स के बीच शनिवार को खेले जाने वाले मैच से शुरू होगा।

टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण ज्यादा बड़ा और भव्य हो गया है क्योंकि न्यूजीलैंड लीजेंड्स के आगमन के साथ कई दिग्गज कीवी सितारे मैदान पर दिखाई देंगे। पहले मैच में दिग्गज जोंटी रोड्स के नेतृत्व में पूर्व प्रोटियाज सितारे धमाकेदार शुरुआत करने और इंडियन लीजेंड्स को बैकफुट पर धकेलने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेंगे। इंडिया लीजेंड्स टीम भारत के सबसे रोमांचक क्रिकेटरों में शामिल रहे हरभजन सिंह और सुरेश रैना जैसे दमदार खिलाड़ियों के प्रवेश से मजबूत हुई है। यह दोनों दिग्गज क्रिकेटर अतीत में टीम इंडिया के लिए मैच विजेता खिलाड़ी साबित हुए हैं। युवराज सिंह, इरफान पठान, विनय कुमार, स्टुअर्ट बिन्नी आदि के साथ भारतीय टीम कागज पर काफी मजबूत दिखती है। पिछली बार जब टीम इंडिया लीजेंड्स ग्रीन पार्क में साल 2015 में खेले गए वनडे मैच में साउथ अफ्रीका से भिड़ी थी, तो मेहमान टीम ने अंतिम ओवर तक खिंचे रोमांचक मुकाबले को पांच रन से जीता था। उस मुकाबले में खेलने वाले रैना और बिन्नी का लक्ष्य इस बार हिसाब बराबर करना होगा। साउथ अफ्रीका लीजेंड्स के पास भी नामी खिलाड़ी हैं और मेहमानों को उम्मीद होगी कि अल्विरो पीटरसन, जैक्स रुडोल्फ, लांस क्लूजनर, वर्नोन फिलेंडर, मखाया एनटिनी, और अन्य लोग यह दिखाएंगे कि वे क्या करने में सक्षम हैं। आरएसडब्लूएस 2021 में, इंडिया लीजेंड्स और साउथ अफ्रीका लीजेंड्स केवल एक बार भिड़े थे, जिसमें मेजबानों ने 56 रनों के अंतर से जीत हासिल की थी।

प्रियांक पांचाल और श्रीकर भरत ने जड़े अर्धशतक

हुबली। कप्तान प्रियांक पांचाल (87) और श्रीकर भरत (74)के अर्धशतक से भारत ए ने खराब शुरुआत के बाद संभलते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ वर्षा से प्रभावित दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 229 रन बनाए। न्यूजीलैंड ए ने पहले गेंदबाजी करते हुए एक समय भारत ए का स्कोर चार विकेट पर 68 रन कर दिया। अभिमन्यु ईश्वरन (22) , रुतुराज गायकवाड़ (05), रजत पाटीदार (04) और तिलक वर्मा (शून्य) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद पांचाल और भरत ने टीम को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। पांचाल हालांकि जब शतक की ओर बढ़ रहे थे तक सीन सोलिया की गेंद पर क्लीवर को कैच दे बैठे। इसके बाद भरत ने शार्दुल ठाकुर (26) के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। रचिन रविंद्र ने ठाकुर को मार्क चैपमैन के हाथों कैच कराके भारत को छठा झटका दिया। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी जबकि दूसरे दिन भी 66 ओवर का ही खेल हो पाया।

कुणाल का गुरुग्राम शो तनाव बढ़ने के चलते रद्द

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कॉमेडियन कुणाल कामरा का स्टैंड अप कॉमेडी शो फिर से मुश्किलों में है। दरअसल, यह शो 17-18 सितंबर को गुरुग्राम में होने वाला था। शो को उस क्लब के द्वारा ही रद्द किया गया। वीएचपी, बजरंग दल ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके शो का विरोध करने की धमकी दी थी। वीएचपी, बजरंग दल ने शुक्रवार को डिप्टी कमिश्नर को एक ज्ञापन देकर मांग की कि स्टूडियो ओक्स बार में 17 और 18 सितंबर को होने वाले शो को होने से रोका जाए। ज्ञापन में दोनों संगठनों की तरफ से बताया कि कामरा अपने शो में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाता है और इससे तनाव पैदा हो सकता है।

फाउंडेशन ने एसपी सिटी को रिपोर्टर किया सम्मानित

प्रयागराज (ब्यूरो)। शुक्रवार को फर्स्ट टाइम रिपोर्टर फाउंडेशन चेयरमैन नूर मोहम्मद खान ने एफटीआर फाउंडेशन की तरफ से एसपी सिटी प्रयागराज संतोष कुमार मीणा को उनके कार्यालय मे अपनी समस्त टीम की मौजूदगी में सम्मानित कर उन्हें एफटीआर फाउंडेशन शील्ड सप्रेम भेंट की, इस मौके पर फाउंडेशन टीम की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष तनु केसरवानी, वकील मो. सैफ आलम खान, मो. शमीम मोहम्मद आमिर आदि टीम के लोग मौजूद रहे। सप्रेम भेंट स्वीकार करते हुए एसपी सिटी प्रयागराज संतोष कुमार मीणा ने फाउंडेशन की टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए सदैव सहयोग देने की बात कहते हुए फाउंडेशन की उन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं।

दिल्ली में निर्माणाधीन इमारत ढही, तीन की मौत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आजाद मार्केट इलाके में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन इमारत के गिरने से तीन की मौत हो गई, कम से कम चार लोग घायल हो गए। दमकल सेवा के मुताबिक शीश महल के पास करीब छह से सात लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं। दमकल विभाग को सुबह करीब 8.30 बजे इस संबंध में सूचना मिली थी इसके बाद चार दमकलों को मौके पर भेजा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह इमारत है चार मंजिल की है और फिलहाल कोई नहीं रहता था। दिल्ली पुलिस ने कहा कि चार घायलों को मलबे से बचा कर निकाल लिया गया उन्हें बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

योगी की सुरक्षा में लापरवाही आठ पुलिसकर्मी निलंबित

जौनपुर, (एजेंसी)। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में दो उप निरीक्षक और छह सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा. संजय कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के काफिले को आशीष यादव उर्फ़ मुलायम यादव पुत्र स्व राम अकबाल यादव निवासी ग्राम ढेमा थाना बदलापुर द्वारा काला झण्डा दिखाया गया। आशीष यादव को तत्काल पुलिस हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि आशीष यादव, सर्वेश यादव उर्फ लल्ला पुत्र पंचम यादव निवासी ग्राम शेरवाँ थाना सिकरारा के साथ आया था।

अलीगढ़ में आरपीएफ द्वारा पकड़ा गया गैंगरेप का आरोपी

प्रयागराज, (ब्यूरो)। आईजी आरपीएफ एनसीआर रविन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को एक खुफिया आपरेशन के चलते सुरक्षा बल उमरे प्रयागराज की सूचना एवं कुशल निर्देशन पर प्रभारी कोलकाता गैंगरेप का आरोपी कालका मेल में अलीगढ़ स्टेशन पर पकड़ा गया। निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट/अलीगढ़ राजीव वर्मा ने हमराह स्टाफ व डीएंडआई/सेल/अलीगढ़ एएसआई भारत भूषण के साथ अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं- 4 पर आई गाड़ी संख्या 12311 में जनरल कोच से रेप केस के आरोपी जुनैद अख्तर निवासी अफौर, ईस्ट टोला नगरा, थाना खैरा, जिला सारन बिहार को पकड़ लिया।

आज का इतिहास

- **1823:** साइमन बोलिवर पेरु के राष्ट्रपति बने।
- **1846:** एलियस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया।
- **1847:** हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला।
- **1914:** फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध समाप्त।
- **1939:** कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खलिफ़ युद्ध की घोषणा की।
- **1966:** संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
- **1974:** अफ्रीकी देश गिनी ने पुर्तगाल से स्वतंत्रता हासिल की।
- **1976:** इंडियन एयरलाइंस के बोइंग - 737 का लाहौर से अपहरण हुआ।
- **1996:** यूएनजीए में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध।

वैश्विक नेताओं ने महारानी एलिजाबेथ के निधन पर किया शोक व्यक्त

'शानदार, शान और एक अथक कार्य नैतिकता द्वारा परिभाषित शासन' के साथ दुनिया को मोहित किया

लंदन,(एजेंसी)। विश्वभर के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ 'द्वितीय' को श्रद्धांजलि दी है। महारानी (96) का गुरुवार को निधन हो गया। बीबीसी के अनुसार इन नेताओं ने उनके कर्तव्य की गहरी भावना और उनके लचीलेपन के साथ ही साथ उनकी हास्य और दया की भावना का सम्मान किया है।

असाधारण परिवर्तन के दौर से गुजरीं ब्रिटिश रानी

सात दशकों तक सम्राट के रूप में ब्रिटिश रानी असाधारण परिवर्तन के दौर से गुजरी और यह उनको दी अनेक श्रद्धांजलियों में परिलक्षित हुआ है। फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने एक दयालु रानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और उन्हें 'फ्रांस की मित्र' करार दिया।

। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि महारानी ने 'शानदार, शान और एक अथक कार्य नैतिकता द्वारा परिभाषित शासन' के साथ 'दुनिया को मोहित' किया था। कई मौकों पर महारानी से मुलाकात करने वाले श्री ओबामा ने एक बयान में कहा कि बार-बार, हम उनकी गर्मजोशी से प्रभावित हुए, जिस तरह से उन्होंने लोगों को आराम दिया और कैसे उन्होंने अपने हास्य और आकर्षण को बड़ा सहज और परिस्थितियों के अनुसार ढाला।'

उन्होंने कहा, उन्होंने अपने जीवन काल में 'समृद्धि और ठहराव' के साथ-साथ - चंद्रमा पर उतरने से लेकर बर्लिन की दीवार के गिरने तक' का दौर देखा। वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन - जो पहली बार 40 साल पहले महारानी से मिले थे उन्हें एक सम्राट से अधिक बताया और कहा कि उन्होंने एक युग को परिभाषित किया है। राष्ट्रपति के रूप में ब्रिटेन की अपनी 2021 में यात्रा को याद करते हुए श्री बाइडेन ने कहा कि उन्होंने अपनी बुद्धि से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया, अपनी दया से हमें प्रभावित किया, और उदारता से हमारे साथ अपनी बुद्धि साझा की।

ब्रिटेन का किंग ने एलिजाबेथ के त्याग को किया याद

ब्रिटेन में महारानी एलिजाबेथ-2 के निधन के बाद उनके बड़े बेटे चार्ल्स को राजा बना दिया गया है। राजा बनते ही उन्होंने ब्रिटेन के नाम अपना पहला संबोधन दिया है। संबोधन में एक तरफ उन्होंने महारानी एलिजाबेथ के शासन को याद किया है तो वहीं दूसरी तरफ जनता के भरोसे के लिए धन्यवाद अदा किया है।

किंग चार्ल्स ने कहा है कि 1947 में मेरी मां ने अपने 21वें जन्मदिन पर एक प्रण लिया था। वे पूरी जिंदगी सिर्फ लोगों की सेवा करना चाहती थीं। ये एक वादे से ज्यादा लोगों के लिए किया गया कमिटमेंट था जिसे उन्होंने पूरी जिंदगी निभाया। संबोधन के दौरान भावुक अंदाज में कई मौकों पर चार्ल्स ने महारानी एलिजाबेथ को याद किया। अपनी मां के नाम एक आखिरी संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अब आप मेरे पिता के साथ एक दूसरी यात्रा पर चली गई हैं। ऐसे समय में मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा। अपनी मां को याद करते हुए चार्ल्स ने ये भी कहा कि उनके सामने हर कोई अपने मन की बात कर सकता था। एक किस्सा साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एक पीएम ने कहा था कि एलिजाबेथ ऐसी शख्सियत थीं जिनके सामने वे अपना मन पूरी तरह खोल सकते थे, दिल की बात कर सकते थे। उन्हें पता होता था कि उनकी बात कभी भी वहां से बाहर नहीं जाएगी। संबोधन के दौरान किंग चार्ल्स ने इस बात पर भी जोर दिया कि वे इस पद पर रहते हुए संविधान की रक्षा करेंगे और हर किसी की सेवा करेंगे। ब्रिटेन का हर नागरिक फिर चाहे वो दुनिया में कहीं भी क्यों ना रह रहा हो, वे पूरी निष्ठा और वफादारी के साथ उसकी सेवा करेंगे।

महाराष्ट्र में दो समूहों पर आयकर के छापे

100 करोड़ की धोखाधड़ी का किया पर्दाफाश

मुंबई ■ एजेंसी

आयकर विभाग ने महाराष्ट्र में बालू खनन, चीनी बनाने की फैक्ट्री, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल कॉलेज चलाने वाले दो समूहों पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान 100 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। आयकर विभाग ने 25 अगस्त को छापा मारा था। विभाग ने शुक्रवार को ये जानकारी दी।

तलाशी अभियान महाराष्ट्र के सोलापुर, उस्मानाबाद, नासिक और कोल्हापुर जिलों में फैले 20 से अधिक परिसरों में चलाया गया। तलाशी के दौरान, हार्ड कॉपी दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में कई बड़े सबूत मिले जिन्हें जब्त कर लिया गया।

बेहिसाब नकद बिक्री के सबूत मिले

एक अधिकारी ने कहा, इन सबूतों से समूह के कर चोरी के विभिन्न तौर-तरीकों का पता चलता है, जिसमें फर्जी खचरें की बुकिंग, अघोषित नकद बिक्री, अस्पष्टीकृत ऋण, क्रेडिट प्रविष्टियां शामिल हैं। बालू खनन और चीनी की फैक्ट्री चलाने में लगे समूह के मामले में 15 करोड़ रुपये से अधिक की चीनी की बेहिसाब नकद बिक्री के सबूत मिले और जब्त किए गए।

कार्रवाई से पता चला कि समूह ने अपनी बहीखातों में फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में जो आय पेश की है उसका कोई हिसाब किताब नहीं है। समूह के कई ऋणदाताओं, साथ ही समूह के प्रवर्तकों ने स्वीकार किया कि बिना हिसाब के 10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी खाते में भेजी गई।

100 करोड़ से अधिक की बेहिसाब आय का पता चला

एक कॉरपोरेट इकाई द्वारा संपत्ति की बिक्री पर लगभग 43 करोड़ रुपए के पूंजीगत लाभ के साक्ष्य भी जब्त किए गए। स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल कॉलेज चलाने के व्यवसाय में लगे दूसरे समूह में भी बिना हिसाब नकदी प्राप्ति के सबूत मिले हैं। इसके अलावा, फर्जी खचरें की बुकिंग और संविदात्मक भुगतान आदि के संबंध में सबूत पाए गए हैं और जब्त किए गए हैं।समूह की इस तरह की अघोषित आय का प्रारंभिक अनुमान 35 करोड़ रुपए है। अब तक, तलाशी कार्रवाई में 100 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाब आय का पता चला है। इसके अलावा, पांच करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित संपत्ति का पता चला है जिसे जब्त कर लिया गया है, अधिकारी ने कहा।

हैदराबाद में सीएम हिमंता से मंच पर माइक छीनने की कोशिश

मंच पर चढ़ गया एक शख्स, वीडियो आया सामने

हैदराबाद, (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के दौरे पर हैं। सीएम सरमा ने शुक्रवार को हैदराबाद में एक रैली को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान एक शख्स मंच पर चढ़कर मुख्यमंत्री से भिड़ने की कोशिश की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि शख्स रैली में मंच पर लगे माइक को तोड़कर सीएम हिमंता बिस्वा सरमा से भिड़ने की कोशिश करता है। हालांकि मंच पर मौजूद नेताओं ने उसे पीछे खींच लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

टीआरएस से जुड़ा है नंदू: जानकारी के मुताबिक, यह शख्स तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी टीआरएस से जुड़ा है। शख्स का नाम नंदू है। जनसभा से पहले हिमंता बिस्वा सरमा महालक्ष्मी मंदिर भी पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा कि सरकार केवल देश और प्रजा के लिए होनी चाहिए। सरकार कभी भी परिवार के लिए नहीं होनी चाहिए। देश में उदारवाद और कट्टरवाद है और इन दोनों के बीच देश में ध्रुवीकरण हमेशा से है।

उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर भी सवाल खड़े किए। वह बोले कि भारत में कोई दिक्कत नहीं है। देश पहले से एकजुट है। जिन राज्य में समस्या है उनकी तरफ ध्यान देना चाहिए। इस तरह की रैली या पदयात्रा का कोई मतलब नहीं है। सीएम सरमा ने तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव पर निशाना साधा और कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के प्रमुख केवल वंशवाद की राजनीति में शामिल रहे हैं। सीएम सरमा ने कहा, मुख्यमंत्री केसीआर बीजेपी मुक्त राजनीति की बात करते हैं लेकिन हम वंशवाद मुक्त राजनीति की बात करते हैं। हम अभी भी हैदराबाद में उनके बेटे और बेटी की तस्वीरें देखते हैं। देश की राजनीति वंशवादी राजनीति से मुक्त होनी चाहिए।

शाह ने फिट इंडिया बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां फिट इंडिया फ्रीडम राइडर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस रैली में 75 मोटरसाइकिलों पर कुल 120 लोग, जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं, देश के 75 दिन के भ्रमण पर निकले हैं। ये बाइक सवार छह अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं सहित 34 राज्यों और संघशासित प्रदेशों में 250 जिलों में जाएंगे और 75 दिनों में 18000 किमी का सफ़र तय कर देश के 75 महत्वपूर्ण स्थानों पर आजादी के अमृत महोत्सव का प्रचार करके वापस 24 नवम्बर को राजधानी पहुंचेंगे। श्री शाह ने कहा कि इस रैली में भाग लेने वालों का प्रयास निश्चित रूप से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला और आजादी के अमृत महोत्सव के उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाने में सफल सिद्ध होगा।

मानिकपुर-झांसी ट्रेक का जीएम ने किया निरीक्षण

प्रयागराज, (ब्यूरो)। झाँसी-मानिकपुर दोहरीकरण परियोजना को गति प्रदान करने एवं खंड में प्रचलित संरक्षा मानकों का अवलोकन करने के उद्देश्य से शुक्रवार को महाप्रबंधक उमरे प्रमोद कुमार द्वारा अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत मानिकपुर-झाँसी रेलखंड का निरीक्षण यान की पिछली खिड़की (विंडो ट्रेलिंग) से निरीक्षण किया गया। श्री कुमार द्वारा उक्त रेलखंड के मध्य आने वाले स्टेशनों, खंडों और पुलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ-साथ मानिकपुर-झांसी खंड के दोहरीकरण के चल रहे कार्य का भी गहन निरीक्षण किया।

जीएम, उमरे ने किया संरक्षा मानकों का अवलोकन

इस दौरान उन्होंने संरक्षा के दृष्टिगत उक्त रेलखंड के पीपरी नाला, बेतवा नदी पुल आदि का सघन निरीक्षण किया तथा उनके अनुरक्षण से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों के ज्ञान की परख की। महाप्रबंधक ने हरपालपुर स्टेशन तथा माल गोदाम का भी निरीक्षण किया तथा संरक्षा के प्रति कर्मचारियों का ज्ञान, हरपालपुर माल गोदाम की कार्य प्रणाली के अलावा चल रहे दोहरीकरण कार्य सम्बंधित विकासशील कार्यों की समीक्षा की। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान श्री कुमार द्वारा रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टालेशनों जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म इत्यादि का चलती हुई निरीक्षण गाड़ी की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया गया।

परमाणु नीति नहीं बदलेगा उ. कोरिया एटमी हथियार बनाने की जिद पर अड़ा

प्योंगयांग ■ एजेंसी

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा है कि उनके देश की परमाणु स्थिति अब 'अपरिवर्तनीय' है, सेना को स्वविवेक से देश की रक्षा के लिए परमाणु हथियारों का उपयोग करने की अनुमति है।

सरकारी मीडिया ने बताया कि उत्तर कोरिया ने एक कानून पारित किया है जिसमें स्वयं की रक्षा के स्वविवेक से परमाणु हमला करने का अधिकार है। श्री किम ने कहा कि यह किसी भी परमाणु निरस्त्रीकरण वार्ता को प्रतिबंधित करता है।यह कदम ऐसे समय में आया है जब पर्यवेक्षकों का कहना है कि उत्तर कोरिया 2017 के बाद पहली बार परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य विश्व नेताओं के साथ ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद श्री किम को परमाणु हथियारों के कार्यक्रमों को विकसित करने से मना करने में विफल रहे थे।सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर कोरिया की संसद, सुप्रीम पीपुल्स असेंबली ने गुरुवार को वर्ष 2013 के कानून का संशोधन विधेयक पारित करके परमाणु हथियारों से संबंधित नया कानून बनाया गया। श्री किम ने संसद में एक भाषण में कहा, परमाणु हथियार नीति को कानून बनाने का अत्यधिक महत्व एक अपरिवर्तनीय रेखा खींचना है ताकि हमारे परमाणु हथियारों पर 100 साल का प्रतिबंध भी लगता है तो हम अपना कार्यक्रम बंद नहीं करेंगे।

लंपी कहर — सबसे पहले लंपी स्कीन वायरस का पहला मामला 2019 में उड़ीसा में मिला था

यदि जल्द सुधार नहीं तो घातक होंगे परिणाम

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत की एक बड़ी जनसंख्या आज भी डेयरी उद्योग से जुड़ी हुई है। डेयरी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा सहारा है। इसके पुनरुत्थान के लिए तैयार रहने की जरूरत है। यदि लंपी स्कीन पर जल्द रोक नहीं लगी तो इसके काफी घातक परिणाम होंगे।

लंपी का कहर देशभर में जारी है। राजस्थान में तो ये आफ्त बन चुकी है। अब तक 11 लाख 25 हजार गोवंश देशभर में लंपी वायरस से प्रभावित हो चुके हैं। 50 हजार गोवंशों की मौत हो चुकी है। देश के 165 जिलों में लंपी वायरस ने अपनी दस्तक दे दी है। ये जानकारी सरकारी आंकड़ों में दी गई है। इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रयास की जरूरत है। इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। लंपी स्किन का संचार वैक्टीरिया, मच्छरों, रोगी गोवंश के रक्त के प्रवाह से, संक्रमित गोवंश का एक दूसरे के संपर्क में आने से ये फैलता है। सबसे पहले लंपी स्कीन वायरस का पहला मामला 2019 में उड़ीसा में मिला था। फिर साल के अंत तक यह पूर्वी राज्यों में फैल चुका था। संक्रमण के फैलाव का यह क्रम जारी है। महज दो सालों में ये गुजरात और महाराष्ट्र तक फैल गया।

हो रहे ये अनुभव

मई-जून 2022 के बाद से हाल की लहर असामान्य है, जिसकी भीषण मार लंपी से संक्रमित गोवंशों पर पढ़ रही है। गोवंशों के संक्रमण की दर और मृत्यु दर भी बढ़ रही है। लंपी के लक्षणों में भी बदवाल हो रहा है। यह केवल त्वचा पिंड की उपस्थिति तक ही सीमित नहीं हैं। कई मामलों में, संक्रमित जानवरों को तेज दर्द, अंगों में सूजन और खून बहने के साथ-साथ बुखार और भूख न लगने का अनुभव हो रहा है।

मवेशियों में रोग की संवेदनशीलता अधिक: अभी के लिए, ऐसा लगता है कि बाधित प्रतिरक्षा प्रणाली वाले मवेशियों में रोग की संवेदनशीलता अधिक है। इसमें आवारा जानवर या यहां तक कि गोशालाओं में रहने वाले लोग भी शामिल हैं जिन्हें ठीक से खाना नहीं दिया जाता है और उनकी देखभाल नहीं की जाती है। उस हद तक, दूध उत्पादन पर कोई तत्काल प्रभाव नहीं पड़ सकता है (भैंसों में भी एलएसडी की अधिक सूचना नहीं दी गई है)। इसके अलावा, यह संभव है कि मौजूदा उछाल का मुख्य कारण मानसून से वेक्टर आबादी में वृद्धि हो सकती है और उसी कारण से कम हो सकती है। लेकिन यह केवल अभी कार्य करने और कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई की तर्ज पर एक ठोस वैक्सीन-सह-जागरूकता अभियान शुरू करने की जरूरत है। डेयरी क्षेत्र, जो भारतीय कृषि से जोड़े गए सकल मूल्य का पांचवां हिस्सा है।

कसिली दलित छात्रा उत्पीड़न, बच्चों की कोई जाति नहीं होती है: अंजुबाला

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देख कसिली पहुंची राज्य अनूसुचित जाती आयोग की टीम

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के कसिली ज्ञानदायिनी शिशु पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर दो अध्यापकों के द्वारा दलित छात्रा को जाति सूचक शब्दो के साथ अभद्र व्यवहार का वीडियो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसकी जानकारी होते ही राज्य अनुसूचित जाति आयोग की टीम शनिवार की सुबह कसिली गांव में पहुंच बच्चो व अभिभावकों से मिल उनका हाल जाना तत्पश्चात ज्ञानदायिनी विद्यालय पहुंच विद्यालय का निरीक्षण किया गया।इस दौरान विद्यालय में पंखा न होने से अपनी नाराजगी जताते हुए खुद के खर्चे से दो पंखे देने के साथ ही बच्चो के जनसंख्या की जानकारी बीडीओ व एबीएसए से न मिलने पर जमकर लगाई फटकार।इस बाबत मीडिया से बात करते हुए राज्य अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजुबाला ने बताया की एक वीडियो वायरल हो रहा था समझ आ रहा था कि उस बच्ची के साथ

कुछ गलत हुआ है जाति सूचक शब्दो का प्रयोग हुआ है जो उस बच्ची के दिल को ठेस पहुंची है एक बच्ची नहीं थी बल्कि तीन बच्चियां थी।क्योंकि यह वीडियो वायरल हो रहा था कमीशन तक आ गया तो हम तक खबर आ जाती है तो उसे हम लोग तुरंत संज्ञान में ले लेते है हम लोगो ने नोटिस किया कि हमे बच्चियों से मिलना चाहिये हमने सुना है कि बच्चियां स्कूल जाने से कतरा रही है कि फिर से दोबारा हमारे साथ ऐसा कुछ हो सकता है और हमने ये भी जानना चाहा कि क्या ऐसा कुछ हुआ है क्या आज के जमाने में ऐसे मानसिकता वाले लोग है।एक अध्यापक गुरु होता है जो बच्चो को शिक्षा देने का कार्य करता है तो उसके मन में ऐसी बाते तो आनी ही नही चाहिए।इन्ही सब बातो को लेकर हम लोगो ने यह बिजिट रखी है बाकी बच्चो से मिलकर आ रही हूं बच्चे थोड़े नर्वस जरूर है मगर भविष्य में ऐसी बाते नहीं होंगी जिस अध्यापक ने यह किया गया उन्हे विद्यालय से हटा दिया गया है जो कार्यवाही होनी है वह होगी क्योंकि अध्यापक का काम है कि बच्चो को अच्छी शिक्षा देना ना कि जाति पाती में बाधना क्योंकि बच्चो की कोई जाति नहीं होती है विद्यालय एक मंदिर है यहां सभी को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है।

सहजनवां तहसील के हरपुर बुदहट थाने पर थाना समाधान दिवस एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

प्रखर गोरखपुर। जी हा आपको बताते चले की सहजनवा तहसील के हरपुर बुदहट थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल 7 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे जिनका निस्तारण करने के लिए राजस्व तथा पुलिस की टीम गठित कर दी गई है। एसडीएम सहजनवा सुरेश राय ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण किया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस तथा समाधान दिवस में जो गंभीर शिकायतें हैं उनका निस्तारण दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रुप से कराया जाए। इस अवसर पर हरपुर बुदहट थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव, एसआई अनिल कुमार कश्यप, सभी उप निरीक्षक, थाना परिसर के सभी सिपाही होमगार्ड पीआरडी बल तथा तहसील के राजस्व विभाग के लेखपाल आदि सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

पांच बकरा उठा ले गए चोर

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के मनियरा ग्राम निवासी सिराज अहमद के पांच बकरे चोर बीती रात लगभग दो बजे उठा ले गए।जानकारी के अनुसार पीड़ित सिराज को बोलेरो गाड़ी की आवाज अपने घर के बाहर सुनाई दी तो वह अपने घर के करकट से बाहर आकर देखा तो एक बोलेरो में उसके 5 बकरों को उठा कर गाड़ी में भर कर ले जा रहे थे पीड़ित बढ़ा तो उसमें सवार बदमाश पीड़ित को गाली देते हुए पेसारा गांव की तरफ निकल गए।

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तैयारी जरूरी : डा. शरद वर्मा

प्रखर ब्युरो गाजीपुर। शहर के प्रकाश नगर में सक्सेस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष डा0 शरद कुमार वर्मा तथा सेंटर के डायरेक्टर रमेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। ततपश्चात डा0 वर्मा ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया तथा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रचित्त होकर तैयारी जरूरी है ऐसा कोई भी मुकाम नही है जिसे पाया न जा सके।इस कोचिंग सेंटर के कंपटीशन व एकेडमिक के शिक्षिका सीमा यादव ने बताया इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से एसएससी, यूपी ट्रिपल, एससी, बैंकिंग, रेलवे ,उत्तर प्रदेश सपुलिस व एक दिवसीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी साथ ही साथ कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों को जिसमें यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड के बच्चे को टयूशन भीदिया जाएगा।इस मौके पर रवि कुमार, अमित कुमार, सीमा यादव, सुनील कुमार, सन्त कुमार, गुड़िया, राहुल, सतेन्द्र कुमार, प्रेम कुशवाहा तथा रवि श्रीवास्तव आदि क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

सभी ग्राम सभाओं में बनेंगे रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। करण्डा के धरवा ग्राम सभा के पंचायत भवन एवम उत्सव भवन पर रूफ टॉप रेन वायर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण शुरू हुआ। इस प्रणाली के निर्माण कार्य का शुभारंभ अधिशासी अभियंता आर के वर्मा द्वारा चिन्हित स्थान पर फावड़ा चलाकर किया गया।इस योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो सिस्टम का निर्माण कराया जाना है, जिसकी लागत एक लाख अठाइस हजार की है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में घटते भूजल स्तर में सुधार हेतु वर्षा के जल का संचयन कर भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाना है। प्रदेश के सभी शासकीय भवन, विद्यालय, चिकित्सालय, कार्यालय एवम आवासीय भवनों में रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाये जाने के लिये शासन स्तर से निर्देशित किया गया है।इस कार्य को राज्य वित्त एवम पंद्रहवाँ वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों से कराया जायेगा ।

जौनपुर के पूर्व जिलाधिकारी जगतपाल का हुआ स्वागत

प्रखर जलालपुर जौनपुर। जौनपुर मे कार्यरत रह चुके जिलाधिकारी डॉक्टर जगतपाल के जौनपुर में हुए आगमन पर लोगों ने उनका जमकर स्वागत किया। श्री जगतपाल समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक गुलाबचंद सरोज के शापिंग काम्प्लेक्स के उद्घाटन के अवसर पर आए हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत श्री पाल द्वारा गणेश प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया। आपको बता दें कि श्री जगतपाल जौनपुर में वर्ष 1995 में कार्यरत रहे और फिर वह आजमगढ़ में कमिश्नर पद पर तैनात होने के बाद रिटायर हो गये है।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे माननीय कामता प्रसाद ,सचिव उत्तर प्रदेश लखनऊ उपस्थित रहे।इस अवसर पर आशुतोष सिन्हा एमएलसी ,शैलेंद्र सिंह प्रिंसिपल बयालसी इंटर कॉलेज, जलालपुर जौनपुर, मा० अजयेन्द्र दुबे ,प्रबंधक कुटीर पी.जी कॉलेज चक्के,पंकज भूषण मिश्र चेयरमैन, ओमेगा सीनियर सेकेंडरी छातीडीह, मोहन श्रीवास्तव अध्यक्ष कलेक्ट्रेट, जौनपुर सहित क्षेत्र के हजारों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

चार दिवसीय निपुण भारत शिक्षक-प्रशिक्षण के अंतिम चरण का शुभारंभ

प्रखर मुफ्तीगंज जौनपुर। मुफ्तीगंज क्षेत्र के बाबा प्रसिद्ध नारायण महाविद्यालय बगथरी में निपुण भारत पर आधारित चार दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण के चतुर्थ चरण का शनिवार को शुभारंभ हुआ। जिसमें प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । और चार दिवसीय निपुण भारत शिक्षक-प्रशिक्षण के बारे में सभी लोगों को बताया गया।इस अवसर पर प्रशिक्षक रवि प्रताप राहुल, विकास कुमार सिंह, अखिलेश यादव ,जयप्रकाश यादव और कमलेश खटवानी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान शशि,सौरभ, अमित यादव,रामदुलार यादव,सतीश पाठक,रामकृपाल यादव,अवधेश सिंह,रामसिंह राव,मनोज सिंह,देवमणि यादव,स्वाति,श्वेता शर्मा,जयहिन्द,राधेमोहन,अरविन्द,राहुल, प्रतीक्षा समेत विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागी उपस्थित रहे।

प्रदेशीय विद्यालयी ताईक्वांडो प्रतियोगिता के लिए गाजीपुर की टीम आगरा रवाना

प्रखर सैदपुर (गाजीपुर)। वाराणसी मंडल की चैंपियन गाजीपुर की ताईक्वांडो टीम आगरा में आयोजित 66वीं प्रदेशीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु आज सांय जिले के औड़िहार जंक्शन से रवाना हुई। विगत 2 व 3 सितम्बर को मंडल स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के एम.ए.एच इंटर कॉलेज में हुवा था जिशमे 25 स्वर्ण पदक के साथ गाजीपुर ने चेम्पियन का खिताब अर्जित किया था। इसमे गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबीपुर में प्रशिक्षण प्राप्त जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने सानदार प्रदर्शन किया, जिशमे एम.ए.एच इंटर कॉलेज, ए.के. नेशनल इंटर कॉलेज औड़िहार, संत बुल्ला वीरेंद्र

इंटर कॉलेज देवचनपुर की टीम सम्लित हैं। गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव व मण्डल टीम के मुख्य कोच अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित है।जिसमे प्रदेश भर के मंडल से चयनित खिलाड़ीयों को ही एंट्री मिलती है।वाराणसी मंडल पंचम का चयन भी विगत 2 व 3 को हुवा था जिशमे मेजबान गाजीपुर समेत वाराणसी, चंदौली व जौनपुर से खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को विदाई संदेश देते हुवे जिला खेल कूद परिषद के क्रीड़ा सचिव विजय शंकर राय, मंडल सचिव गोपाल प्रशाद, संयोजक शाहजहां खांन, आकाश सिंह, मोहम्मद कमरुद्दीन , अब्दुल मलिक खांन इत्यादि ने जीत की सुभकामनाएँ दीं।

जापानी मॉडल की तर्ज पर हुआ विद्यालयों में साफ-सफाई

प्रखर वाराणसी। स्वच्छता दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर ब्रजेश कुमार राय के नेतृत्व में उनके गोद लिए गए विद्यालय प्राथमिक विद्यालय चुमकुनी चोलापुर मे बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता दिवस पर विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं समस्त अध्यापकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, रसोईया एवं सफाई कर्मी द्वारा विद्यालय परिसर के अंदर बाहर, शौचालय एवं समस्त कक्षाओं की सफाई की गई। बच्चों को संचारी रोगों से बचाव एवं सामुदायिक स्वच्छता के महत्व के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया। स्वच्छता के महा अभियान में खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर ब्रजेश राय के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश चौबे, सहायक अध्यापक नवीन दुबे, संध्या शर्मा, मधुबाला, सुलेखा पांडे, शिक्षा मित्र अतुल चौबे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गायत्री देवी, लालती देवी, सफाई कर्मी घनश्याम एवं रसोईयो के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गांव में सड़क एवं नाली को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के डीह खास गांव पिछले 25 वर्षों से सड़क व नाली का निर्माण न होने से आज ग्रामीण नाराज होकर विरुद्ध प्रदर्शन को मजबूर हो गए। विकासखंड जमालपुर के अंतर्गत ग्राम सभा महुली के डीह खास मौजा पर स्थानी निवासियों का जीवन नरक के समान हो गया है ग्रामीणों ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व बनी सड़क बिल्कुल ही जर्जर हो चुकी है वर्तमान प्रधान या इसके पहले के चुने हुए प्रधानों के द्वारा ग्राम सभा में सड़क निर्माण के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, नाही नाली का निर्माण कराया गया है इस वजह से राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं चारो तरफ गंदगी फैलने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है जिससे तमाम तरह की बीमारी फैलने का अंदेशा है एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छता के प्रति भारी भरकम बजट पास कर गांव की सड़कों एवं नालियों की दशा सुधारने में लगे हैं तो वही डीह खास गांव की सड़कें एवं नालियां सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे है विरोध प्रदर्शन करने वालों में अलीम अनरुल्लह अली आजाद, सद्दाम, जाकिर, हुसैन, असलम, सहब्जान, सगीर, इमरान अली, हुसैन, सहबू, जलालू, गुड्डू, मोहम्मद गोरी, इंदु सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पड़ी पंद्रह शिकायतें, नहीं हों सका निस्तारण

प्रखर खानपुर गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु थाने में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है।दिवस की अध्यक्षता कर रहे खानपुर थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने की।थाना समाधान दिवस पर खानपुर क्षेत्र आई कुल पंद्रह शिकायतों में से एक का भी निस्तारण नहीं हों सकता जिससे फरियादि निराश होकर अपने घर लौट गये।थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया थाना समाधान दिवस पर क्षेत्र से कुल पंद्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से एक का भी निस्तारण नहीं हों सका हैं।जिन-जिन क्षेत्रों से शिकायतें आई हैं उन सभी क्षेत्रों के सभी लेखपालों कों सूचित किया गया हैं। और उन्हें मामले के तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया हैं। इस मौके पर चौकी प्रभारी मौधा आशुतोष शुक्ला, उपनिरीक्षक रामसजन यादव, उपनिरीक्षक बलवंत, उपनिरीक्षक राणा प्रताप, उपनिरीक्षक रमाकांत वर्मा, उपनिरीक्षक अवध नारायण उपाध्याय, का0 रवि चौधरी, का0 उदित, का0 अखिलेश यादव, का0 धर्मेंद्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहें।

सैकड़ों की संख्या में सर्राफा व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कों सौंपा पत्रक

चोरी का खुलासा जल्द नहीं हुआ तो विरोध प्रदर्शन को होंगे बाध्य: शुभ सेठ एसओजी गठित कर चोरी की घटना का करवाया जाय खुलासा

प्रखर केराकत जौनपुर। बीते सोमवार की रात मुन्ना अलंकार मंदिर देवकली हुई भीषण चोरी में दो लाख नगदी समेत लगभग पच्चीस लाख के आभूषण चोर उठा ले गए थे घटना के पांच दिन बीच जाने के बाद भी खुलासा करने में पुलिस असफल रही है चोरी का खुलासा न होने पर शनिवार की सुबह सराफा व्यापारियों फूटा गुस्सा तो सैकड़ों की संख्या में उपजिलाधिकारी माज अख्तर व प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा को पत्रक सौप चोरी की खुलासे की बात को कही।बता दे कि मुन्ना अलंकार मंदिर के प्रोपराइटर विनोद सेठ कस्बा केराकत मुहल्ला नालापार के निवासी है।वही मीडिया से बात करते हुए सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभ सेठ ने बताया कि हम लोगो ने उपजिलाधिकारी व प्रभारी निरीक्षक से पत्रक के माध्यम से बताया गया कि चोरी की जांच एसओजी गठित कर जल्द से जल्द खुलासा कराया जाय नही तो हम

सभी विरोध प्रदर्शन को बाध्य होंगे क्योंकि चोरी को लेकर व्यापारियों में भरी रोष व्याप्त हैंऔर अगर जरूरत पड़ी तो उच्चाधिकारियों तक भी पहुंचेंगे।इस अवसर पर पप्पू सेठ . निहाल सेठ. वीरू सेट. संतोष कुमार सेठ. भानु सेठ. आनंद सेठ. सुनील सेठ पूल्लू. आशीष सेठ विक्की. राकेश सेठ सुनील सेठ संजय सेठ मनोज कमलापुरी न. पा. अध्यक्ष विजय गुप्ता. अजित गुप्ता. विनोद सेठ प्रमोद सेठ. बबलू सेठ. नीरज सेठ अजय जायशवाल समेत सैकड़ों की संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित रहे।

जौनपुर को सूखाग्रस्त घोषित कर सभी बकाया वसूली पर लगाए रोक- प्रभानंद यादव

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा कार्यकर्ताओं ने बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति जताया आभार

प्रखर जौनपुर। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष प्रभानंद यादव की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई इस बैठक में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। कहां जब हमारा संगठन बूथ और ब्लॉक स्तर पर पूर्ण रूप से मजबूत होगा तो सरकार से हर मांगों को मनवाने में मजबूती मिलेगी। अध्यक्ष श्री यादव ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि जनपद जौनपुर को सूखाग्रस्त घोषित करके सभी प्रकार के किसानों के ऋण को माफ किया जाए। बकाया वसूली पूरी तरह से बंद हो। पार्टी जिला अध्यक्ष प्रबंध

यादव समेत उपस्थित सभी सदस्यों पदाधिकारियों ने नौजवानों के नेता यूपी को ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन आदित्य यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का आभार व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करने वालों में जिला प्रमुख महासचिव महताब सिद्दीकी, जिला महासचिव अरविंद यादव, जिला महासचिव राहुल यादव, जिला सचिव दिलीप यादव मुख्य रहे। इस मौके पर जिला सचिव लालता प्रसाद यादव, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष पीयूष गुप्ता, मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा अध्यक्ष राजनाथ यादव, मछलीशहर विधानसभा अध्यक्ष लालमणि यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, मछली शहर विधानसभा उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ,छोटे लाल यादव , मुन्ना मोहम्मद तालिब आदि उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं